

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21


5 वैशाली ने चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता | सम्पादकीय लत के साथ जीनाः संघर्ष, ताकत.... | यूट्यूब एप से पूरी तरह हटा सकेंगे शॉर्ट्स :टाइम मैनेजमेंट... 5

वर्ष 18 अंक 75 E-mail: dholpur@hotmail.com धौलपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# जिनको भी राजनीति की बू आ रही है वो खुद के परिणामों को देख लें : पीएम मोदी

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि हमारे देश में जब जब चुनाव आया है उसमें महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का जिस-जिसने विरोध किया है। उसका हाल बुरे से बुरा किया है। कभी माफी नहीं मिली।उन्होंने कहा कि इसलिए जिनको भी इसमें राजनीति की बू आ रही है वो खुद के परिणामों को देख लें। इसी में फायदा है जो नुकसान हो रहा है उससे बच जाओगे। इसलिए इसे राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है। इसलिए हमारी नीयत की खोट को देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।इससे पहले अखिलेश यादव ने कहा- अब भारतीय जनता पार्टी नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही है। जिन्होंने नारी को अपने संगठन में नहीं रखा वे उसके मान सम्मान को कैसे रखेंगे।

बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। कल शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है।

मैं क्रेडिट का ब्लैंक चेक दे रहा हूंः यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। फिर अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं।

ज़ जिसको भी गारंटी चाहिए, वो देता हूंः अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूँ। क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

ज़ काले कपड़े पहनकर आए लोग नजर का टीकाः हमारे यहां परंपरा है कि अच्छे काम में किसी की नजर न लगे इसके लिए काला टीका लगाते हैं, इसलिए मैं आपका (डीएमके) धन्यवाद करता हूं। दरअसल, पीएम ने डीएमके का नाम लिए बिना जिक्र किया। डीएमके सांसद आज परिसीमन बिल का विरोध करने के लिए काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे।

# अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 10 जहाजों को लौटाया

आर.एन.एस




**नई दिल्ली।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 10 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने नाकाबंदी नहीं हटाई, तो वह खाड़ी इलाके में व्यापार को बाधित कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि आज इजराइल और लेबनान के नेता जंग खत्म करने पर सीधे बातचीत करेंगे।यह पिछले 34 साल में दोनों देशों के बीच पहली सीधी बातचीत होगी। इजराइल और लेबनान के नेता आखिरी बार 1991 में मैड्रिड कॉन्फ्रेंस में आमने-सामने बैठे थे।

**अमेरिका-ईरान शांति समझौते के करीब पहुंचे**

अमेरिका और ईरान 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है, हालांकि कुछ मतभेद अब भी बाकी हैं।इस बीच तेहरान में ईरानी अधिकारियों और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बैठक होगी। मुनीर पहले ही ईरान पहुंचकर विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात कर चुके हैं और वे अमेरिकी संदेश लेकर गए हैं।

पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। उधर, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर बातचीत और ड्राफ्ट प्रस्ताव साझा कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, डील के लिए सीजफायर को बढ़ाया जा सकता है, हालांकि अमेरिका ने अभी औपचारिक सहमति नहीं दी है।

# यूपी के संभल में ईदगाह-इमामबाड़े को बुलडोजर से ढहाया

आर.एन.एस



**सभंल।** उत्तर प्रदेश के संभल में ईदगाह और इमामबाड़े पर गुरुवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक बुलडोजर की कार्रवाई चली। इसमें ईदगाह और इमामबाड़ा गिरा दिया गया। इमामबाड़े को तोड़ने के लिए चार बुलडोजर लगे। मौके पर 5 थानों की पुलिस फोर्स और एक कंपनी पीएसी तैनात रही।इसी बीच, गांव के लोग मौके पर जुट गए। विरोध की आशंका को देखते हुए अफसरों ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया। प्रशासन के मुताबिक, करीब 7 बीघा चारागाह की जमीन पर ईदगाह और खाद गड्ढे की भूमि पर इमामबाड़ा बनाया गया था।

गांव वालों की शिकायत के बाद लेखपाल स्पर्श गुप्ता ने 18 जनवरी को तहसीलदार कोर्ट में अपील दायर की थी। 31 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर नोटिस अखबार में छपवाया गया था। इसमें कहा गया था कि जो भी कब्जेदार हैं, वे सामने आएं। हालांकि, कोई भी सामने नहीं आया।

एक ग्रामीण जुबैदा ने कहा कि यह कार्रवाई रुकनी चाहिए। यहां इमामबाड़े और ईदगाह से सभी को सुविधा मिलती थी। गरीबों की बारातें भी यहीं रुकती थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सरकारी जमीन पर निर्माण का मामला है, तो मंदिर भी तो सरकारी जमीन पर बने हैं। लेकिन, कार्रवाई सिर्फ मस्जिदों पर हो रही है।

वहीं, गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे एसडीएम निधि पटेल और नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां कुछ लोग छेनी-हथौड़ी से इमामबाड़ा तोड़ रहे थे। प्रशासन ने उन्हें हटा दिया। मामला कोतवाली संभल क्षेत्र के बिछोली गांव का है।



# राजस्थान-एमपी में पारा 42 डिग्री के पार

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश , छत्तीसगढ़, दिल्ली, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पिछले दो दिन से पारा 40 डिग्री से 44 डिग्री के बीच बना हुआ है। बुधवार को राजस्थान के बाड़मेर में 42.8 डिग्री, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42 डिग्री, उत्तर प्रदेश के बांदा में 44 डिग्री, महाराष्ट्र के अकोला में 44.2 डिग्री, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43 डिग्रीऔर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4 डिग्री दर्ज हुआ। गर्मी के चलते मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश हैं। छत्तीसगढ़ में 20 अप्रैल के बाद स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गंगा से सटे बंगाल और नगालैंड में आज बिजली गिरने के साथ आंधी-बारिश होने का अनुमान है।

# भाजपा बंगाल चुनावों के दौरान बम लगाने की योजना बना रही है : ममती बनर्जी

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। यह तबादले भारतीय चुनाव आयोग द्वारा किए गए थे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस मामले में उठाए गए कानूनी प्रश्न को फिलहाल खुला रखा जाएगा।

कूच बिहार के दिन्हाटा की चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल चुनावों के दौरान बम लगाने की योजना बना रही है और जांच के लिए एनआईए को लाएगी।

भाजपा नेता शुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में जानबूझकर 'अरबी संस्कृति' को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सनातन विरासत कमजोर हो रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बंगाल को 'बंगाली हिंदुओं की मातृभूमि' के रूप में सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाताओं से कहा कि वे दिल्ली के जमींदारों द्वारा लोगों के मतदान के अधिकार छीनने के प्रयासों का मुंहतोड़ जवाब दें।चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक स्थानों को हिंसा-संभावित घोषित किया है। यहां चुनाव और चुनावों के बाद अशांति का इतिहास रहा है।

तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम गुरुवार को चेन्नई में अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करेगी। कार्यक्रम नुंगमबक्कम के एक होटल में होगा।

तमिलनाडु के मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन विधेयक के विरोध में तिरुचिरापल्ली में अपने आवास पर काला झंडा फहराया।

# बंगाल में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट बनेः सुप्रीम कोर्ट

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (16 अप्रैल) को चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट जारी करे, जिसमें उन वोटरों को शामिल किया जाए जिनकी अपीलें ट्रिब्यूनल में मंजूर हो गई हैं।कोर्ट ने कहा कि 21 अप्रैल (पहले चरण के लिए) या 27 अप्रैल (दूसरे चरण के लिए) तक मंजूर कर ली गई अपील करने वाले वोट डाल सकेंगे। जिनकी अपील पेंडिंग है उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

जैसे ही ट्रिब्यूनल नाम जोड़ने का आदेश देगा, इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर तुरंत सूची में संशोधन करे।

सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच स्ढ्ढक्र प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं।


**19 ट्रिब्यूनल के सामने 34 लाख से ज्यादा अपीलें**

सुनवाई के दौरान बताया गया कि 19 ट्रिब्यूनल के सामने 34 लाख से ज्यादा अपीलें लंबित हैं। ये ट्रिब्यूनल रिटायर्ड हाईकोर्ट जजों की अगुवाई में बनाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभियान का मकसद वोटर लिस्ट से डुप्लिकेट और अयोग्य नाम हटाना बताया जा रहा है।

हालांकि इस पर सियासी विवाद तेज है। सत्ताधारी पार्टी ने बड़े पैमाने पर मतदाताओं को बाहर करने का आरोप लगाया है, जबकि ईसीआई इसे निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी बता रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर इनकार

आर.एन.एस



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश नीतिगत दायरे में आता है और न्यायपालिका इसे जारी नहीं कर सकती।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि जान-बूझकर वोट न डालने वालों के लिए दंडात्मक कार्रवाई की मांग और वोटिंग अनिवार्य बनाने वाली याचिकाओं पर कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकता।बेंच ने पिल याचिकाकर्ता अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लेकर संबंधित पक्षों से संपर्क करें।याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि जो लोग जान-बूझकर वोट डालने से दूर रहते हैं, उनके लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

सीजेआई ने कहा- लोकतंत्र कानूनी दबाव के बजाय जन जागरूकता से फलता-फूलता है। एक ऐसे देश में जो कानून के शासन से चलता है और लोकतंत्र में विश्वास रखता है। जहां हमने 75 सालों में हमने दिखाया है कि हम इस पर कितना भरोसा और विश्वास करते हैं, वहां हर किसी से यह उम्मीद की जाती है कि वह वोट डालने जाए। अगर वे नहीं जाते, तो नहीं जाते। जरूरत जागरूकता की है, लेकिन हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते।

सुनवाई केदौरान बेंच ने अनिवार्य वोटिंग कानून की व्यावहारिक कठिनाइयों का जिक्र किया और कहा कि चुनाव के दिनों में, जजों समेत कई नागरिकों को काम करना पड़ता है। दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया था कि कोर्ट को चुनाव आयोग को निर्देश देना चाहिए कि वह वोट न डालने वालों के लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाए।



# गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग

**एक-एक कर फटे सिलिंडर, छह बच्चों के लापता होने की आशंका**

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग में करीब छह बच्चों के लापता होने की बात सामने आ रही है। हालांकि किसी अधिकारी ने अभी यह पुष्टि नहीं की है।


आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं। अग्निशमन अभियान में कई घंटे लगने की संभावना है क्योंकि आग बड़े क्षेत्र में फैली है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि यह जानकारी सामने आ रहा है कि कबाड़ के गोदाम में आग लगी थी, जिसके बाद यह झुग्गियों में फैलती चली गई।

पुलिस और दमकल की टीमों ने युद्धस्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। आग बुझाने के लिए लगातार पानी की बौछारें की जा रही हैं। करीब एक दर्जन से अधिक वाटर टेंडर आग बुझाने में जुटी हैं। स्थानीय निवासियों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने में मदद की कोशिश की। डीएम, डीसीपी सिटी एसीपी, सीएफओ, सीएमओ समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं।

# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की। हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी।

पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।

आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमान टकराए

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार को दोपहर 2 बजे स्पाइसजेट की फ्लाइट पार्किंग एरिया में खड़े अकासा एयरलाइन के विमान से टकरा गई। हादसे में पैसेंजर और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट विमान के राइट विंग्स को नुकसान पहुंचा है। वहीं, अकासा विमान का लेफ्ट विंग टूट गई है।घटना के बाद स्पाइसजेट का यह विमान दिल्ली में ही ग्राउंड कर दिया गया है। इसे उड़ान के लिए उपयोग में नहीं लिया जाएगा।यह घटना तब हुई जब लेह से आया स्पाइसजेट विमान गेट की ओर बढ़ रहा था। अकासा एयर का विमान हैदराबाद के लिए पुशबैक कर रहा था अकासा एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जा रही फ्लाइट 1406 को 16 अप्रैल 2026 को वापस बे (पार्किंग एरिया) में लौटना पड़ा।

# अमेरिका में परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 वैज्ञानिक गायब

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे। बुधवार को व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा, 'मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा।

' उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लॉस एलामोस नेशनल लैब, नासा का जेट प्रोप्लशन लैब और एमआईटी का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोप्लशन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वॉलेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है।



# गौ सम्मान अभियान इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा : शास्त्री

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

गंगापुर। संपूर्ण भारत वर्ष में चलाए जा रहे गौ सम्मान अभियान को लेकर सोहस्ती वाटिका में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कथा व्यास पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री, नृसिंह मंदिर के महंत श्री श्याम सुंदरदास महाराज तथा मटुनिया के गौ भक्त संत शांतिदास महाराज के सानिध्य में हुई इस बैठक में गौ सम्मान आह्वान अभियान को और तेजी देने पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री ने कहा, 'संतों के मार्गदर्शन से गौ सम्मान आह्वान अभियान संपूर्ण भारत में चलाकर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तथा गौ हितैषी कानून बनाने के लिए 27 अप्रैल को देश की 5000 तहसीलों पर गौ भक्तों द्वारा प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। यह अभियान इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा।

'महंत श्री श्याम सुंदरदास महाराज ने कहा, 'गौ की सेवा से मनुष्य अपना लोक-परलोक दोनों सुधार सकता है। सभी को इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक हस्ताक्षर करवाने चाहिए और अपनी सहमति प्रदान करनी चाहिए। 'मटुनिया से पधारे गौ भक्त संत शांतिदास महाराज ने कहा, 'यदि सरकार कानून बना दे तो संपूर्ण गौ वंश को सुरक्षा और सम्मान मिल सकता है। हर मनुष्य को अपने घर में गौ की सेवा करनी चाहिए।

# उत्तम शर्मा पश्चिम बंगाल चुनाव में ऑब्जर्वर नियुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। आमेर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कांग्रेस युवा नेता उत्तम शर्मा को एआईसीसी के निर्देशानुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दार्जिलिंग जिले की खरसाङ विधानसभा में ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव गुलाम अहमद मीर एवं एआईसीसी सचिव बीपी सिंह द्वारा उनकी सक्रियता और संगठन में योगदान को देखते हुए की गई है। उल्लेखनीय है कि उत्तम शर्मा आमेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवारी भी जता चुके हैं। उनकी नियुक्ति से आमेर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं, उत्तम शर्मा ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।





# नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन आज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत द्वारा आज 17 अप्रैल को जयपुर में 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। इसकी जानकारी एक प्रेस वार्ता में दी गई। पूर्व महापौर कुसुम यादव ने बताया कि रन की थीम '#NariShaktiVandan' रखी गई है। दौड़ प्रातः 6:30 बजे चांदपोल से प्रारंभ होकर बड़ी चौपड़ तक आयोजित होगी। इस दौरान प्रतिभागियों को लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी।

माय भारत राजस्थान के राज्य निदेशक देवेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि कार्यक्रम का फ्लैग-ऑफ राज्य मंत्री मंजू बाघमार और पूर्व विधायक अलका गुर्जर द्वारा किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं की उपस्थिति रहेगी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 2000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें छात्राएं, उद्यमी, पत्रकार, खिलाड़ी और विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन के माध्यम से फिट इंडिया अभियान के संदेश को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा।



# बालिका स्वच्छता कार्यक्रम में स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

चाकसू। उपखंड क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादेड़ा में गुरुवार को मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी के अभाव में कई बार बालिकाएं स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करती हैं, ऐसे में इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। फाउंडेशन अध्यक्ष दुर्गा वर्मा ने बालिकाओं को बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसे किसी भी प्रकार की झिझक या शर्म से नहीं जोड़ना चाहिए। बल्कि इसे स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलू के रूप में समझना आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली सही स्वच्छता आदतों की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को सैनिटरी पैड के सही उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के उपाय, संतुलित आहार के महत्व एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के बारे में विस्तार से बताया गया।

# 100% अंकों की गूंज: फिजिक्सवाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता



फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के लिए दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकण्डरी एजुकेशन (सीबीएसई) कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत (100%) अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं, ने जयपुर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा, 'नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की।' अमोलिक पंडिता ने बताया, 'नियमित रिविजन और मॉक टेस्ट हल करना मेरे लिए 100% अंक लाने में बहुत सहायक रहा।' आयुष्मान महापात्रा ने कहा, 'अनुशासन बनाए रखते हुए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना का पालन करना मेरी सफलता की कुंजी रहा।' परिणामों पर अपने विचार साझा करते हुए अलख पांडेय, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कहा, 'हम परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हैं। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई, जिन्होंने पूर्ण अंक हासिल किए। ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते हैं। 'इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में 25 लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इन विद्यार्थियों का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि सुनियोजित ऑनलाइन एवं मिश्रित शिक्षण पद्धति शैक्षणिक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी कोटे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

नई दिल्ली। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के ओबीसी विभाग के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए पृथक कोटा सुनिश्चित करने तथा वर्तमान जनगणना के आधार पर विधेयक लाने की मांग को लेकर गुरुवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व ओबीसी विभाग के प्रदेश चेयरमैन हरसहाय यादव ने किया। प्रदर्शन में शामिल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे इस वर्ग के प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही, बिना अद्यतन जनगणना के विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। प्रदेश महासचिव अंकलेश जाखड़ ने कहा कि विधेयक का मौजूदा स्वरूप ओबीसी महिलाओं के हितों के अनुरूप नहीं है और इसे इस रूप में लागू करना उनके साथ न्यायसंगत नहीं होगा। उन्होंने मांग की कि विधेयक में आवश्यक संशोधन कर ओबीसी महिलाओं के लिए स्पष्ट प्रावधान जोड़ा जाए। हरसहाय यादव ने कहा कि वर्तमान स्वरूप में यह विधेयक आरक्षण व्यवस्था में असंगतियां उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप सभी वर्गों को समान अवसर सुनिश्चित करना आवश्यक है और इसके लिए विधेयक में व्यापक पुनर्विचार किया जाना चाहिए।प्रदर्शन में सवेरा टाक, कृष्णा सौलंकी, सरिता चौधरी, भारती कुमावत, उमा सुथार, शंकर बाजडोलिया, श्वेता यादव, मनीषा चौधरी मंजू और जसवंत यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की गई और ज्ञापन के माध्यम से मांगें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही गई।

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# जयपुर में सजेगा गुजरा हुआ जमाना की सुरमयी शाम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। शास्त्रीय, लोक और समकालीन गायन की समृद्ध परंपरा के लिए देशभर में पहचान रखने वाला जयपुर एक बार फिर सुरों की खास महफिल 'गुजरा हुआ जमाना - आता नहीं दुबारा' का साक्षी बनने जा रहा है। इसी संगीत विरासत को आगे बढ़ाते हुए 18 अप्रैल को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शनिवार शाम 6:30 बजे यह संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जहाँ प्रवेश निःशुक है। स्वर सुरभि के तत्वावधान में आयोजित और डॉ. प्रकाश छबलानी की परिकल्पना में तैयार इस खास संध्या में पुराने दौर की मधुर यादों और नए समय की ताजगी का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 90 के दशक से पहले के सदाबहार सुपरहिट फिल्मी गीतों के साथ-साथ नए दौर के लोकप्रिय और दिलकश गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। यह संगीत प्रेमियों को एक ही मंच पर दो अलग-अलग युगों की सुरमयी यात्रा का अनुभव कराएगा।

# हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह एमवीसी की 15वीं पुण्यतिथि के पर पैनल चर्चा आयोजित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। सिटी पैलेस, जयपुर में 16 अप्रैल, 2026 की शाम को, जयपुर के हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूरे राजस्थान से प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति और आमंत्रित अतिथि शामिल हुए, जिन्होंने उनके जीवन और योगदान को याद किया।

एक सैनिक, राजनेता और जयपुर की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक के रूप में याद किए जाने वाले, हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह का जीवन राष्ट्र सेवा और जयपुर तथा उसकी विरासत के प्रति अटूट समर्पण से परिभाषित था। 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अपनी वीरता के लिए 'महावीर चक्र' से सम्मानित, उन्होंने भारतीय सेना में नवगठित 'पैरा कमांडो यूनिट' का हिस्सा बनने से लेकर असाधारण साहस के साथ '10वीं पैराशूट रेजिमेंट' का नेतृत्व करने तक विशिष्ट सेवाएं दीं। इसके बाद के वर्षों में, उन्होंने जयपुर की सांस्कृतिक पहचान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1983 में जयगढ़ को आम जनता के लिए खोलने और जयपुर स्थित 'सिटी पैलेस संग्रहालय' के संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।शाम की शुरुआत जयपुर के हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी पर लेफ्टिनेंट जनरल ठाकुर दौलत सिंह शेखावत और प्रोफेसर आर. एस. खंगारोत के परिचयात्मक विचारों के साथ हुई। इसके बाद उनकी विरासत पर एक गहन विवरण प्रस्तुत करते हुए एक पैनल चर्चा का आयोजन हुआ। जिसमें उनके व्यक्तिगत संस्मरणों, उनके सैन्य करियर और एक सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

पैनलिस्ट में मेजर जनरल दलवीर सिंह, एवीएसएम, वीआरसी, वीएसएम; कर्नल वी. एस. चंद्रावत, एसएम, सीपीपी; कर्नल हेम सिंह शेखावत, सेना मेडल; और ठाकुर दुर्गा सिंह, मंडावा ने परिवर्तनकाल के दौरान उनके नेतृत्व, उनकी सेवा और विरासत संरक्षण के प्रति उनके दृष्टिकोण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस चर्चा में विरासत प्रबंधन और जन-सहभागिता के क्षेत्र में उनके योगदान की आज भी बनी हुई प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया गया। इस सत्र का संचालन सिटी पैलेस संग्रहालय, जयपुर के मानद सलाहकार डॉ. जाइल्स टिलोटसन ने किया, जिन्होंने कई दृष्टिकोणों से चर्चा का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि, 'मेरे स्वर्गीय दादा जी, हिज हाइनेस ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी की 18 अप्रैल को 15वीं पुण्यतिथि है। वे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने अपने जीवन में देश और जयपुर शहर को सबसे ऊपर रखा, और मुझे बचपन से ही उनके इस समर्पण को करीब से देखने का सौभाग्य मिला। आज का दिन उनके जीवन और उनकी सेवा को समर्पित रहा। इस विशेष पैनल चर्चा का आयोजन करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, जहां विशिष्ट अतिथियों के साथ मिलकर हम उनकी विरासत पर विचार कर सके, एक ऐसी विरासत जो आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है। आज की शाम उनके इस विश्वास को आगे बढ़ाने का प्रयास था कि विरासत स्थलों को संवाद और आपसी जुड़ाव के लिए हमेशा खुला रखा जाना चाहिए। उन्हें याद करने का इससे बेहतर तरीका और कोई नहीं हो सकता था।'

यह कार्यक्रम जयपुर के सिटी पैलेस संग्रहालय में चल रहे उन प्रयासों का एक हिस्सा था, जिनका उद्देश्य संवाद और साझा समीक्षा के माध्यम से इसके इतिहास को एक ऐसे 'जीवित विरासत स्थल' के रूप में प्रस्तुत करना है, जो सीखने और सहभागिता के लिए सदैव खुला रहता है।



# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 84 परिवेदनाएं सुनी गईं

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में 84 परिवेदनाएं दर्ज की गईं, जिनमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर सन्देश नायक ने राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों की सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों में अतिक्रमण हटाने, पेंशन प्रारंभ कराने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, पेयजल आपूर्ति सुचारू कराने, कृषि भूमि के रास्ते खोलने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण, आवासीय पट्टा, नामांतरण और भूमि विवाद जैसे विषय प्रमुख रहे।कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवेदनाओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में जवाबदेही और संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है।

प्रकरणों का निस्तारण तथ्यों के आधार पर करने और जरूरत पड़ने पर मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं, इसलिए जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि वे संबंधित प्रकरणों का निस्तारण पीड़ित पक्ष की उपस्थिति में सुनिश्चित करें।



# सचिवालय सेवा अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण समारोह गुरुवार को सचिवालय परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की शुरुआत संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में सचिवालय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सचिवालय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में कार्मिक तंत्र की भूमिका प्रमुख होती है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सहायक शासन सचिव के 15 नए पद सृजित करने तथा पदोन्नति के लिए अनुभव अवधि में दो वर्ष की शिथिलता प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा अधिकारियों और कर्मचारियों की अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया गया।



# साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

सवाई माधोपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा गुरूवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सवाई माधोपुर में एम्पावरिंग राजस्थान यूथ, लीगल लिट्रेसी इनिशिएटिव के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव समीक्षा गौतम ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रकारों एवं उनसे बचाव के उपायों, साइबर अपराध से पीड़ित लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध करवाने के लिए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजना (साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को विधिक सेवाएं) योजना 2026, साइबर रिड्रेसल यूनिट, साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के आवेदन की प्रक्रिया, साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बालविवाह के दुष्परिणामों, बालविवाह के शिकायत के आवेदन की प्रक्रिया, बालविवाह की शिकायत के निवारण में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की भूमिका, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।इस दौरान पैनल अधिवक्ता नंदकिशोर बैरवा विधि से संघर्षरत किशोरों द्वारा साइबर अपराधों में वृद्धि, किशोर न्याय बोर्ड द्वारा साइबर अपराध के मामलों में की जाने वाली कार्यवाही, विधि से संघर्षरत किशोरों के सुधार एवं पुनर्वास, किशोर न्याय अधिनियम आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# खटुपुरा में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

सवाईमाधोपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खटुपुरा में ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 17 अप्रैल को पंचायत प्रशासक शाहिद अली द्वारा आयोजित किया गया है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक भागचंद सैनी ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह प्रातः 9:00 बजे आयोजित किया गया है जिसके मुख्य अतिथि संतोष मीणा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सवाई माधोपुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच शाहिद अली द्वारा की जाएगी। सम्मान समारोह में इस वर्ष के परीक्षा परिणाम मेंविद्यालय की कक्षा 10 एवं कक्षा 12वीं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 40 प्रतिभाएं एवं ग्राम पंचायत खटू पूरा परी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजकीय सेवा में चयनित होने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# 33 केवी लाइन में फॉल्ट से लगी आग, एक घंटे तक बिजली आपूर्ति रही बाधित



» धौलपुर..33केवी विद्युत लाइन से लगी आग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** शहर के बाड़ी रोड पर स्थित 33 केवी विद्युत लाइन में फॉल्ट के कारण आग लग गई। इस घटना से दोपहर 2 से 3 बजे तक करीब एक घंटे के लिए शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और बिजली विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई इलाकों में अंधेरा छा गया और लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। 220 केवी स्टेशन पर तैनात सहायक अभियंता शशांक शर्मा ने बताया कि यह घटना लाइन में तकनीकी फॉल्ट के कारण हुई थी।

उन्होंने जानकारी दी कि आग पर नियंत्रण के बाद शहर के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जबकि शेष क्षेत्रों में भी जल्द आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और विद्युत विभाग द्वारा लाइन की मरम्मत का कार्य जारी है।

# आमजन की शिकायतों का अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ करें निस्तारण- श्रीनिधि बीटी

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के गुणात्मक निस्तारण हेतु दिए निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में डीओआईटी के वीसी कक्ष में किया गया। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान खातेदारी की जमाबंदी में नाम सही करवाने, रास्ते का अतिक्रमण हटवाने, भूमि के अतिक्रमण हटवाने, अवैध कब्जा हटवाने, पीएम सम्मान निधि की किस्त दिलवाने, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान सर्तकता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया। परिवादी रंजीत सिंह वार्ड नंबर 22 राजाखेड़ा ने रास्ते के अतिक्रम हटवाने के लिए परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार राजाखेड़ा को मौका देखकर त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवाने के लिए निर्देशित किया। परिवादी अमृतलाल पुत्र लाचारीलाल धनौरा रोड बाड़ी द्वारा जमाबंदी में नाम शुद्ध करवाने का परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार बाड़ी को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। परिवादी मनीराम पुत्र मटरे राम द्वारा पेंशन में लैंगिक अशुद्धि को शुद्ध करवाने के लिए निवेदन किया जिस पर उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए मौके पर ही परिवादी की समस्या का निस्तारण किया। वहीं करुआ पुत्र श्यामालाल नादौली द्वारा पीएम सम्मान निधि की बकाया किस्तों के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया। वन्दना पत्नी भागीरथ द्वारा डिलीट राशन कार्ड को पुनः चालू करवाने के लिए परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने रसद अधिकारी को निर्देश देते हुए मौके पर ही राशन कार्ड चालू करवाते हुए परिवादी को राहत पहुचाई। जिला जन अभाव अभियोग सतर्कता समिति में दर्ज 6 प्रकरणों में से 2 प्रकरणों का निस्तारण कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी कर्मवीर सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



» धौलपुर..वीसी कक्ष में बुजुर्ग की जनसमस्या सुनते जिला कलक्टर

# जानलेवा हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** करीब साढ़े 5 साल पुराने जानलेवा हत्या के प्रयास के एक प्रकरण में जिला सैशन न्यायालय धौलपुर ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 11 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

कोर्ट के लोक अभियोजक भगवान सिंह नारोलिया ने बताया कि मामले को लेकर परिवादी रूप सिंह ने सदर थाना धौलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि उसके भतीजे भीमसेन को राजेन्द्र पंचायत चुनाव रूपसपुर के प्रचार प्रसार के लिए बुलाकर ले गया था। उसके बाद वह सड़क किनारे गंभीर घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। जहां मौके पर जाकर देखा तो भतीजे भीमसेन की गर्दन, पेट और पूरे शरीर सहित गुप्तांगों पर चाकू के निशान थे तथा खून बह रहा था।



» लोक अभियोजक भगवान सिंह नारोलिया

मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई अनुसंधान करते हुए आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। इसी प्रकरण में जिला न्यायाधीश संजीव मागो ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए सुग्रीव कुमार उर्फ भुल्लन कुशवाह पुत्र रामकिशन कुशवाह निवासी रूपसपुर थाना सदर धौलपुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 11 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# नाक, कान, गले का निशुल्क परामर्श शिविर का उठाया लाभ

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा के अंदर नाक, कान, गले का निशुल्क परामर्श शिविर डॉ. मनोज शर्मा स्पेशलिस्ट नयावास राजाखेड़ा के सानिध्य में केंद्रीय विद्यालय के प्रांगण में लगाया गया। शिविर में डॉ. मनोज शर्मा, पूरन चंद, रविंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, हेमंत कुमार, सचिन कुमार, ज्योति, अशोक कुमार, देवेश कुमार, तनवीर चौधरी, रोग विशेषज्ञ राकेश गुप्ता आदि लोगों ने अपने निशुल्क परामर्श दिया। साथ ही मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराई। शिविर के अंदर सैकड़ों व्यक्तियों ने शिविर का लाभ उठाया।

# सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम में एवीएम कॉन्वेंट स्कूल ने मारी बाजी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में एवीएम कॉन्वेंट के विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी की चमक बिखेर दी। लंबे इंतजार के बाद जैसे ही परिणाम सामने आया, विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया।

इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए। कई छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष कार्यक्रम में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया । 100% रिजल्ट देने वाले विद्यार्थियों में कृष्णा मोदी 97.2%, देवांश कुशवाहा 96.4%, देव पौडवाल 96.2%, साहिल 96.2 ,कुबेर चौधरी 95.8%, विवेक 95% ,मोहित शर्मा 90.8%, कुमारी आशिक 90.4% ,अभिनव मिश्रा 89.6%, परी मित्तल 89.2%, सोनाक्षी 89%, मानकी 88.6%, शौर्य प्रताप सिंह 88.6%, सोनाली 88%, अक्षत सिंह 87.4%, अभय अग्रवाल 87.2%, शिवम राजावत 86.8%, अभिमन्यु 85.4%, अमन सिकरवार 84.8%, दक्ष शर्मा84.6%, तनिष्का बघेल 84.2%, आध्या अग्रवाल 84%, देवांश सिंह कुशवाहा 82.8%, मानस 82.6%, शिवन्या शर्मा 82% शाश्वत शर्मा 81.2% प्रमुख रहे। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद् वीरेंद्र कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया।



विद्यालय प्राचार्या अनीता त्यागी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी प्रतिबद्धता और लगन का प्रतिफल है। विद्यालय में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की और अपनी सफलता का उत्सव मनाया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

# अनियमितताएं पाये जाने पर 14 डीलर्स को थमाए नोटिस, एक का लाइसेंस निलंबित

**धौलपुर।** जिले में उर्वरक वितरण में असामान्य बढ़ोतरी को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा सख्त कदम उठाए हैं। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) प्रभु दयाल शर्मा ने बताया कि 1 से 10 अप्रैल 2026 के बीच उर्वरक विक्रेताओं द्वारा 356 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 200 मीट्रिक टन अधिक पाया गया है। उन्होंने बताया कि इस स्थिति को देखते हुए 29 मार्च से 15 अप्रैल तक जिलेभर में उर्वरक विक्रेताओं का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान फील्ड स्टाफ के माध्यम से पीओएस मशीनों का सत्यापन कराया गया तथा आईएफएमएस पोर्टल से बिक्री एवं स्टॉक के आंकड़ों का मिलान किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में अनियमितताएं सामने आने पर 14 उर्वरक डीलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि एक डीलर का अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को समय पर और निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाबा साहब की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के विरोध में उतरा समाज

### एसडीएम ने मौके पर पहुंच समझाईश कर मामला कराया शांत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में बुधवार रात असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा से नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। जिरौली फाटक के पास हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया।

घटना की जानकारी मिलते ही समाज के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। जिन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन को बुलाने पर जोर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। बाद में उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह और पुलिस अधिकारी सीओ सिटी कृष्णराज जांगिड़ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने समाज के लोगों से बातचीत की, जिसके बाद समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित करना, स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाना, प्रतिमा स्थल के चारों ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराना और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना शामिल है। समाज के लोगों ने प्रशासन को 20 अप्रैल से पहले नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग रखी गई। जिस पर प्रशासन की तरफ से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और मामले को समझाईश कर शांत कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी एससी विभाग दर्शन लाल जाटव, सूरज बाबू, मेला कमेटी के अध्यक्ष सरपंच धर्मेंद्र सिंह, वीर सिंह, दामोदर, बनवारी लाल, बृजलाल, प्रेम सिंह भास्कर सहित सैकड़ों की संख्या में बाबा साहब अनुयाई उपस्थित थे।



» धौलपुर....मौके पर पहुंचकर समाज के लोगों से समझाईश करते एसडीएम

# कमूल एनजीओ के डॉ. एसके फगेड़िया राष्ट्रीय स्तर पर अंबेडकर कीर्ति सम्मान से सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** अखिल भारतीय कबीर मठ सद्गुरु कबीर आश्रम संस्थान बड़ी खाटू रोहिणी, नागौर के तत्वावधान भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में नागौर विधायक हरेंद्र मिर्धा, पूर्व राज्य मंत्री मंजू मेघवाल, पद्मश्री हिमता राम भांभू पर्यावरण प्रेमी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर महंत भारत भूषण डॉ. नानक दास महाराज द्वारा सम्मानित मंच से कमूल एक सहारा एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. एसके फगेड़िया को दुप्पटा, प्रमाण पत्र एवं संविधान प्रति देकर डॉ. अंबेडकर कीर्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया । डॉ. फगेड़िया को पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा, सड़क सुरक्षा अभियान और निःशुल्क निस्वार्थ सामाजिक निहितार्थ कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संस्थान सचिव सुमन नेहरा, सहसचिव पवन मोगा, कोषाध्यक्ष विकास फगेड़िया, मीडिया प्रभारी शैतानाराम जाखड़, जितेंद्र दायमा, गोपाल बाजिया, शिवकरण, सहित संस्थान सदस्यों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई ।





# अपना घर महिला शाखा के चुनाव सम्पन्न

**धौलपुर।** अपना घर महिला शाखा के वर्ष 2026- 27 के चुनाव क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश आर्य के सानिध्य में संपन्न हुए। अध्यक्ष सुजाता बंसल, उपाध्यक्ष मधु प्रिंस, कोषाध्यक्ष प्रियंका गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष नीतू गोयल, सचिव राज भारद्वाज, सह-सचिव कृष्णा शर्मा, सूचना प्रसार मंत्री ममता सिंघल, अन्न प्रभारी आशा सिंघल और सीता सिंघल, राष्ट्रगान प्रभारी अंजू सिंघल, पौधा प्रभारी मिथलेश जी अन्य कार्य कारिणी सदस्य बनाये गये। पूर्व अध्यक्ष बॉबी गोयल ने सभी को पट्टा पहना कर सभी का सम्मान किया। समिति संस्थापक वीनस गर्ग ने कहा कि समिति बाड़ी अपना घर आश्रम पर दान और सेवा का कार्य करेंगे। सभी महिलाओं ने ठंडे पेय जल के लिए मटके वितरित किये। इस कार्यक्रम में बाड़ी की महिला अध्यक्ष उषा मित्तल और पूर्व अध्यक्ष विमला अग्रवाल, विनीता, अंजना, अर्चना बंसल, पूनम, रीति, आरती, हरप्रीत, रेनू गोयल ,ओमवती गर्ग, गुड्डी, मधु मित्तल, राजकुमारी सिंघल, कविता, इंदु शर्मा, गीता शर्मा, रेखा गौतम आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय युवा संबल मेले का आयोजन 21 अप्रैल को

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिए निर्देशानुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय पर युवा संबल मेले का आयोजन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत स्व-रोजगार, निजी रोजगार और प्रशिक्षुता के अवसरों के समन्वय में राजस्थान सरकार के प्रयासों को एकीकृत और व्यवस्थित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि सरकार का यह प्रयास रोजगार दिवस, रोजगार मेला और प्रशिक्षुता मेले को एक साथ लाता है जिसे एमएसएमई एवं रोजगार विभाग द्वारा समन्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक मेला ग्राउंड नगर परिषद मचकुण्ड रोड धौलपुर में युवा संबल मेले का आयोजन किया जाएगा।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)

ई-निविदा नोटिस संख्या: 2026-09-ECA and NDT, दिनांक : 13.04.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम व स्थान:** Surface Defect Detection by Eddy Current Array Testing Method on LHB Wheels and Magnetic Particle Test & Dye Penetrate Test of various components of bogie frame and under frame component at Carriage Workshop, NWR, Jodhpur (48 months) **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹35507055.26/- (रुपये तीन करोड़ पचपन लाख सात हजार पचपन रुपये और छब्बीस पैसे मात्र) **(3) बयाना राशि जो जमा करानी हैं:** ₹7,10,200/- (रुपये सात लाख दस हजार दौ सौ मात्र) **(4) ई-निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय तथा ई-निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 07.05.2026 को 15.00 बजे तक तथा 07.05.2026 को 15.00 बजे के बाद। **(5) वेबसाइट विवरण जहाँ से ई-निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता हैं:** www.ireps.gov.in **(6) कार्यालय का पता जहाँ से निविदा जारी की गयी:** मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर-342001 राजस्थान। 549-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **(1) टेण्डर नं.:** ELCJP/ABR-TRAH/NLT02/25-26 **(2) कार्य का नाम:** नई लाइन के कार्य के संबंध में अजमेर डिवीजन, एनडब्ल्यूआर के अबू रोड-तंरगा हिल खंड (61-116 किमी) में 2x25KV ओएचई सिस्टम के रेलवे विद्युतीकरण कार्य का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **(3) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 955957496.00/- **(4) बयाना राशि जो जमा करनी है:** ₹19119200/- **(5) कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 12 माह **(6) निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** 11.05.2026 को 15.00 बजे तक, 11.05.2026 को 15.30 बजे **(8) उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** www.ireps.gov.in 553-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः-ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी.-02-2026-27 दिनांकः 13.04.2026

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendeing) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **टेन्डर नं.:** AGC-ELG-T-02-2026-27, **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** एसएसई/पी/आगरा किला के अंतर्गत 2 वर्षों के लिए विविध रखरखाव कार्य। |
| **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 39,02,301.02/- (including GST) |
| **पूर्ण करने की अवधि** : 24 माह। |

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग हेतु Indian Railways website www.ireps.gov.in देखें। टेन्डरर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 05.05.2026 तक टेन्डर डाल सकते है। 809/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# राजस्थान अल्पसंख्यक चेयरमैन ने आशिक अब्बास का किया सम्मान


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जयपुर पीसीसी कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) द्वारा 'संविधान जागरूकता एवं एकता सम्मेलन' का आयोजन किया।



इस अवसर पर विभाग की जिला कार्यकारिणी में धौलपुर के नव-नियुक्त जिला संयोजक आशिक अब्बास का चेयरमैन एमडी चोपदार व कांग्रेस जयपुर जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही धौलपुर जिले के अल्पसंख्यक विभाग के अन्य कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।



## संपादकीय

# लत के साथ जीनाः संघर्ष, ताकत और रिकवरी की यात्रा

**डॉ विजय गर्ग**

व्यसन को अक्सर इच्छाशक्ति की कमी या नैतिक कमजोरी के रूप में गलत समझा जाता है, लेकिन वास्तव में यह एक जटिल स्थिति है जो मस्तिष्क, व्यवहार और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित करती है। लत के साथ रहना सिर्फ मादक द्रव्यों के सेवन या हानिकारक आदतों से संबंधित नहीं है। यह एक निरंतर आंतरिक लड़ाई के बारे में है जो व्यक्ति के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है, जिसमें रिश्ते, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान शामिल हैं। लत कई रूप ले सकती है - शराब, ड्रग्स, निकोटिन, गेमिंग, सोशल मीडिया या यहां तक कि काम। जो कभी-कभार उपयोग या व्यवहार के रूप में शुरू होता है, वह धीरे-धीरे निर्भरता में बदल सकता है, जहां व्यक्ति इसके बिना काम करने में असमर्थ महसूस करता है। समय के साथ, मस्तिष्क की पुरस्कार प्रणाली बदल जाती है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियों से आनंद प्राप्त करना कठिन हो जाता है।

**छिपे हुए संघर्ष**

नशे की लत से पीड़ित लोग अक्सर अपराधबोध, शर्म और अलगाव की भावना का सामना करते हैं। वे रुकना चाहते हैं, लेकिन ऐसा महसूस करते हैं कि वे एक ऐसे चक्र में फंसे हुए हैं जिसे वे तोड़ नहीं सकते। कई लोग निर्णय के डर से अपने संघर्ष को छिपा लेते हैं, जिससे उनका अकेलापन और गहरा हो जाता है। यह आंतरिक संघर्ष –परिवर्तन चाहना लेकिन शक्तिहीन महसूस करना –व्यसन के सबसे दर्दनाक पहलुओं में से एक है।

**दैनिक जीवन पर प्रभाव**

लत शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत संबंधों को बाधित कर सकती है। विश्वास टूट सकता है, जिम्मेदारियों की उपेक्षा हो सकती है, तथा स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। शारीरिक प्रभावों में थकान, खराब नींद और प्रतिरक्षा कमजोर होना शामिल हो सकता है, जबकि चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे अक्सर लत के साथ आते हैं।व्यक्ति किस प्रकार व्यसन का अनुभव करते हैं, इसमें समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कलंक और गलतफहमी लोगों को मदद मांगने से रोक सकती है। दोषारोपण के स्थान पर करुणा और जागरूकता आवश्यक है। जब समुदाय स्वीकृति और समर्थन को बढ़ावा देते हैं, तो सुधार अधिक संभव हो जाता है रिकवरी कोई एकल घटना नहीं बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है। इसकी शुरुआत इस बात से होती है कि सहायता की आवश्यकता है। सहायता परिवार, मित्रों, परामर्शदाताओं या सहायता समूहों से मिल सकती है। संतुलित जीवन के पुनर्निर्माण में स्वस्थ दिनचर्या, चिकित्सा और सकारात्मक वातावरण महत्वपूर्ण हैं। पुनः लत लग सकती है, लेकिन इसे विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके बजाय, वे पुनर्प्राप्ति यात्रा का हिस्सा हैं और सीखने तथा मजबूत बनने का अवसर हैं। लत से परे जीवन जीने में उद्देश्य और आत्म-मूल्य को पुनः खोजना शामिल है। शौक में संलग्न होना, शिक्षा प्राप्त करना और सार्थक संबंध बनाना हानिकारक आदतों के स्थान पर सकारात्मक आदतें अपनाने में मदद कर सकता है। छोटी-छोटी जीतें एक दिन में एक बार स्थायी परिवर्तन की ओर ले जाती हैं।

**निष्कर्ष**

नशे के साथ रहना निस्संदेह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह कोई निराशाजनक स्थिति नहीं है। समझ, समर्थन और दृढ़ संकल्प से व्यक्ति अपना जीवन पुनः प्राप्त कर सकते हैं। लत कहानी का हिस्सा हो सकती है, लेकिन यह व्यक्ति को परिभाषित नहीं करती। सुधार संभव है, और हर कदम एक स्वस्थ, अधिक संतुष्टिदायक भविष्य की ओर एक कदम है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# हर सवाल जरूरी नहींः निजता की सीमा लांघते सवालों से कैसे प्रभावित होता है आत्मसम्मान

**अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं– अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता**



हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है।

उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है।

अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं- अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता। वह बस जिज्ञासु होता है या अपने अनुभव के आधार पर सलाह देना चाहता है। मगर हर जिज्ञासा जरूरी नहीं होती। हर बात पूछना आवश्यक नहीं होता। कुछ बातें ऐसी होती हैं, जो व्यक्ति अपने समय पर ही साझा करना चाहता है या नहीं भी करना चाहता है। जब हम बिना सोचे-समझे किसी की निजी बातों में दखल देते हैं, तो हम उसकी सीमा पार कर देते हैं।

सार्वजनिक प्रश्न केवल शब्द नहीं होते, वे संकेत भी होते हैं। वे यह जताते हैं कि समाज को हमारे जीवन की प्रगति पर नजर रखने का अधिकार है। धीरे-धीरे व्यक्ति यह मानने लगता है कि उसे लगातार साबित करना है कि वह पीछे नहीं है। यह मानसिक दबाव अदृश्य होता है, पर बहुत गहरा होता है। कई लोग बाहर से मुस्कुरा देते हैं, हल्का-सा जवाब दे देते हैं, पर भीतर एक चुभन रह जाती है।इस तरह की टिप्पणियां धीरे-धीरे व्यक्ति के मन पर असर डालती हैं। वह अपने फैसलों पर शक करने लगता है। उसे लगता है कि शायद वह पीछे रह गया है। वह दूसरों से अपनी तुलना करने लगता है। कई बार वह अपने ही घर में अपने निर्णयों के लिए सफाई देने लगता है। यह स्थिति उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है।हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझतेजब व्यक्ति बार-बार अपने अस्तित्व को सही ठहराने की कोशिश करता है, तो उसके भीतर की सहजता कम होने लगती है। समस्या यह भी है कि हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझते। हमें लगता है कि हर बात पर राय देना जरूरी है, लेकिन कई बार चुप रह जाना ही सबसे अच्छा व्यवहार होता है। अगर कोई अपनी जिंदगी के बारे में खुद बात नहीं करना चाहता, तो हमें उसका सम्मान करना चाहिए। सम्मान का मतलब केवल अच्छा व्यवहार करना नहीं है, बल्कि यह समझना भी है कि सामने वाले की एक निजी दुनिया है, जहां हमें बिना बुलाए प्रवेश नहीं करना चाहिए।हर व्यक्ति अपने जीवन की परिस्थितियों से गुजर रहा होता है। हमें बाहर से सब कुछ साफ दिखाई नहीं देता। जो हमें ठहराव लगता है, वह शायद उसके लिए सीखने का समय हो। जो हमें विफलता दिखती है, वह उसके लिए नई शुरुआत की तैयारी हो सकती है। जो हमें देर लगती है, वह उसके लिए सही समय का इंतजार हो सकता है। इसलिए किसी पर टिप्पणी करने से पहले यह सोचना जरूरी है कि हमारे शब्द उसे कैसा महसूस कराएंगे। भीड़ में पूछे गए प्रश्न अक्सर चिंता से अधिक तुलना का रूप ले लेते हैं।वह व्यक्ति को यह महसूस कराती है कि उसका मूल्य उसके वर्तमान से नहीं, बल्कि दूसरों से तुलना करके तय किया जा रहा है। दूसरी ओर, व्यक्ति को भी अपने आत्मसम्मान की रक्षा करना सीखना चाहिए। हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं है। अगर कोई प्रश्न असहज करता है, तो विनम्रता से विषय बदलना या सीमित उत्तर देना ठीक है।

अपनी सीमाएं तय करना गलत नहीं है। यह आत्मसम्मान का हिस्सा है। जो व्यक्ति अपनी सीमाएं स्पष्ट करता है, वह असम्मान नहीं करता, बल्कि केवल अपनी गरिमा की रक्षा करता है। हमें बच्चों और युवाओं को भी यह सिखाना चाहिए कि उनकी कीमत केवल उपलब्धियों से नहीं तय होती। वे जैसे हैं, अपनी पूरी कोशिश के साथ वैसे ही सम्मान के योग्य हैं। जीवन कोई दौड़ नहीं है, जिसमें सबको एक ही समय पर एक ही स्थान पर पहुंचना हो। हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है और वही उसकी खूबसूरती है। सफलता का एक ही स्वरूप नहीं होता। संतोष, संतुलन और आत्मस्वीकृति भी जीवन की उपलब्धियां हैं।

समाज अगर अपने सदस्यों का पूर्ण विकास चाहता है, तो सबसे पहले उसे संवेदनशील बनना होगा। प्रश्न पूछने से पहले ठहरना होगा। यह समझना होगा कि हर जिज्ञासा साझा करने योग्य नहीं होती। कुछ बातें समय पर छोड़ देनी चाहिए। जब हम दूसरों की सीमाओं का सम्मान करना सीखेंगे, तभी हम ऐसे संबंध बना पाएंगे, जहां व्यक्ति बिना डर और बिना सफाई दिए, अपने जीवन को अपने तरीके से जी सके। बात इतनी-सी है कि किसी का भी जीवन उसका अपना है। उसकी निजता भी महत्त्वपूर्ण है। वह व्यक्ति का अपना संसार है। उसके संसार में प्रश्नों के माध्यम से कदम रखने से पहले अनुमति और उससे भी पहले संवेदनशीलता, दोनों जरूरी हैं। जब हम यह सीख लेंगे कि हर जीवन को अपने ढंग से खिलने का अधिकार है, तब न केवल आत्मसम्मान सुरक्षित रहेगा, बल्कि रिश्तों में सच्ची गर्माहट भी बनी रहेगी।

जीवन एक भौतिक शब्द नहीं, बल्कि एक यात्रा है। सुनने में साधारण लगता है कि जीवन जन्म से शुरू होकर सामान्य तौर पर मृत्यु पर समाप्त हो जाता है, पर यह धारणा जितनी सामान्य प्रतीत होती है, अंदर से ये उतनी ही जटिल है। यह यात्रा हम सभी को कभी न कभी ऐसे दो-राहे पर लाकर खड़ी कर देती है, जहां हमें चुनाव करना होता है- सही और गलत के बीच। ऐसे यह चुनाव आमतौर पर सरल ही होता है।

# परिणामों की प्रतीक्षा न करें, भविष्य के लिए तैयारी करें



**डॉ. विजय गर्ग**

परीक्षा परिणाम जीवन में हर छात्र के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होता है। यह वह समय होता है जब आशाएं, भय और जिज्ञासा एक साथ मन में निवास करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या हमें केवल परिणामों की प्रतीक्षा करनी चाहिए? उत्तर हैः नहीं। वास्तव में यह समय आपके भविष्य के लिए तैयारी करने का सबसे अच्छा अवसर है।

परिणाम सिर्फ एक अंक या ग्रेड नहीं होते, वे हमारी यात्रा का एक छोटा सा हिस्सा होते हैं। कभी-कभी परिणाम उम्मीदों के अनुरूप नहीं होते, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा भविष्य अंधकारमय है। जो छात्र परिणामों की प्रतीक्षा करने के बजाय अपने अगले कदमों के बारे में सोचते हैं, वे वास्तव में आगे बढ़ते हैं।

यह समय आपकी रुचियों और योग्यताओं को समझने का है। आप सोचें कि आपको किस विषय में रुचि है, आप किस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। नए पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी एकत्र करें, कौशल को निखारें और खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार करें।

इसके साथ ही, समय के महत्व को समझना भी आवश्यक है। जिस समय हम उदासीनता में बिताते हैं, वह वापस नहीं आता। इसलिए परिणामों की प्रतीक्षा करने के बजाय इस समय को उत्पादक बनाना चाहिए। जैसे कि नई भाषाएं सीखना, कंप्यूटर कौशल बढ़ाना या किताबें पढ़ना।

इस समय माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्हें बच्चों पर दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रेरित करना चाहिए तथा सही दिशा में मार्गदर्शन देना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि परीक्षाओं या किसी बड़े काम के बाद इंसान नतीजे का इंतजार करते हुए स्तब्ध रह जाता है। छात्रों के लिए यह समय विशेष रूप से नाजुक होता है। जब परीक्षाएं खत्म होती हैं, तो एक अजीब सी बेचैनी और केवल 'परिणाम क्या होगा? का प्रश्न मन पर हावी हो जाता है। लेकिन बुद्धि यह है कि परिणामों की प्रतीक्षा में समय बर्बाद करने के बजाय, अगले चरण यानी भविष्य की तैयारी शुरू कर दी जाए। प्रतीक्षा क्यों हानिकारक है? नतीजा हमारे हाथ में नहीं है। जो हमें लिखना या करना था, हम कर चुके हैं। अब उसके बारे में सोचना केवल मानसिक तनाव और चिंता को जन्म देता है। यदि हम परिणाम आने तक हाथ से हाथ मिलाकर बैठे रहेंगे, तो हम वह बहुमूल्य समय खो देंगे जिसे नई योजनाओं के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भविष्य की तैयारी कैसे करें?

आत्म-निरीक्षणः यह अपनी कमियों और ताकत को पहचानने का सबसे अच्छा समय है। पिछले प्रदर्शन से सीखें कि कहां सुधार की गुंजाइश है।

नए कौशल सीखनाः आज का युग सिर्फ डिग्रियों का नहीं, बल्कि कौशलों का है। चाहे वह कंप्यूटर कोडिंग हो, कोई नई भाषा सीखना हो, या बातचीत करने की कला हो ?इस समय का उपयोग खुद को अपडेट करने के लिए करें।

अगला लक्ष्य चयनः यदि आप एक चरण पार कर चुके हैं, तो अगला लक्ष्य क्या है? चाहे वह किसी उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश कर रहा हो या किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हो, उसकी रूपरेखा अभी तैयार करें।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्यः अक्सर तैयारी के दिनों में हम अपने स्वास्थ्य की जांच करते हैं। इस वचन को योग, व्यायाम और अच्छी किताबें पढ़ने में लगाएं ताकि आप अगली चुनौती के लिए तैयार हो सकें। सफलता का मूल मंत्र इतिहास गवाह है कि वही लोग शिखर पर पहुंचते हैं जो समय की नब्ज को पहचानते हैं। नतीजा चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में, मेहनत कभी नहीं बचती। अगर परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं आता, तो आपकी पहले से की गई भविष्य की तैयारी आपको टूटने नहीं देगी। यदि परिणाम शानदार रहता है, तो आप दूसरों से दो कदम आगे होंगे। अंतिम याद रखें, बहता पानी ही साफ रहता है। जीवन चलने का नाम है, रुकने का नहीं। परिणामों की बेड़ियों में उलझे रहने के बजाय, अपने सपनों की उड़ान के लिए नए पंख तैयार करें। आज की तैयारी ही कल की सफलता का आधार है। जीवन का अंत नहीं होता, बल्कि एक नई शुरुआत होती है। अगर हम आज से ही अपने भविष्य के लिए तैयारी करें, तो हम कल की चुनौतियों को आसानी से पार कर सकेंगे।

# पश्चिम एशिया तनाव का असरः भारत पर मंडराया महंगाई और गरीबी बढ़ने का बड़ा खतरा

**ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है।अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है**

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा। इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं।संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा।भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है।

ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है।अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है। जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। इस संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पहले 35.15 करोड़ थी।जाहिर है कि देश की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन-यापन से संबंधित नई मुसीबतें खड़ी हो जाएंगी। इसमें दोराय नहीं कि देश में मौजूदा परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इससे निश्चित तौर पर सरकारी बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और ऐसे में ज्यादा दिन तक स्थिति को संभालना आसान नहीं होगा।

ऐसे में जरूरी है कि सरकार ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करे, ताकि संभावित संकट के असर को कम किया जा सके।किसी भी जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद के समाधान के लिए पहले विश्वास कायम होना आवश्यक है, तभी सार्थक और स्थायी हल संभव हो सकता है। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत नाकाम रहने का एक प्रमुख कारण यह था कि दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद गहरे अविश्वास को दूर करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। ईरान और अमेरिका के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, जिनमें राजनीतिक, सामरिक और वैचारिक मतभेद गहराई से जुड़े हुए हैं।

# म्यूजिक इवेंट्स की आड़ में फैलता नशे का जाल, युवाओं की जिंदगी पर गहराता खतरा

**ऐसी ही एक घटना हाल ही में मुंबई के गोरेगांव में सामने आई, जहां नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से प्रबंधन संस्थान में पढ़ाई करने वाले दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ये दोनों अपने दोस्तों के साथ एक संगीत कार्यक्रम में आए थ**

देश में महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में नशीले पदार्थों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा प्रभाव युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो उनके भविष्य और जान दोनों को खतरे में डाल रहा है। यह केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बड़ी चुनौती बन गया है। युवाओं के सामूहिक रूप से नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने के लिए विशेष आयोजन की खबरें भी अक्सर आती रहती हैं। मगर, अब इस तरह के आयोजनों का स्वरूप भी बदल रहा है।

ऐसी ही एक घटना हाल ही में मुंबई के गोरेगांव में सामने आई, जहां नशीले पदार्थों के अत्यधिक सेवन से प्रबंधन संस्थान में पढ़ाई करने वाले दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। ये दोनों अपने दोस्तों के साथ एक संगीत कार्यक्रम में आए थे। सवाल है कि जब नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और खरीद के खिलाफ कानून में सख्त प्रावधान है, तो फिर युवाओं की इन तक आसानी से पहुंच कैसे संभव हो पा रही है?यह बात छिपी नहीं है कि नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके सेवन के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। 'रेव पार्टी' की बजाय अब संगीत कार्यक्रमों की आड़ में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, गोरेगांव में संगीत कार्यक्रम में भाग लेने आए जिन दो छात्र-छात्रा की मौत हुई, वे पहले से नशा करके आए थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिर से नशीले पदार्थ का सेवन किया।

यह बेहद चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में मनोरंजन की आड़ में युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ी है, लेकिन इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और प्रशासन के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करने की इच्छाशक्ति कहीं नजर नहीं आती है। जबकि युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति से आपराधिक घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। हैरानी की बात है कि मुंबई जैसे महानगर में संगीत कार्यक्रमों की अनुमति देने से पहले प्रशासन की ओर से जांच और निगरानी की जरूरत महसूस नहीं की जाती है। जब तक सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर सतर्कता नहीं बरती जाएगी, तब तक यह समस्या हल नहीं हो पाएगी।आमतौर पर नशा न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। यह आदत कब लत में तब्दील हो जाए, पता नहीं चलता। आदत को एक सकारात्मक अवधारणा के तौर पर देखा जाता है, जबकि लत या व्यसन एक नकारात्मक अवधारणा है। यह एक मनोविकार है, क्योंकि जिस नशे के सेवन की लत लग जाए, उसके बिना जीवन की निरंतरता असंभव दिखाई देती है। आदत बदलना संभवतः आसान हो सकता है, पर लत से पीछा छुड़ाना बहुत मुश्किल लगता है। चिकित्सक भी मानते हैं कि नशीले पदार्थों का सेवन अनेक बीमारियों की जड़ है।



# सीएसके ने डोसा, इडली, सांभर, चटनी गाने पर नाराजगी जताई, आरसीबी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के बाद विवाद सामने आया है। सीएसके ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से आरसीबी के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

मामला 5 अप्रैल का है, जिस दिन बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई और बेंगलुरु का मैच खेला गया। इस दौरान स्टेडियम में एक गाना बजाया गया, जिसमें डोसा, इडली, सांभर, चटनी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। ष्टस्च्च का आरोप है कि यह गाना उनके खिलाड़ियों और टीम पर तंज के तौर पर बजाया गया।

इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक सीएसके के मैनेजिंग डायरेक्टर काशी विश्वनाथन ने कहा, आमतौर पर डीजे घरेलू टीम का समर्थन करने के लिए होते हैं। लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थिति अलग थी। हमारे खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ खास टिप्पणियां की गईं। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमने



बीसीसीआई को पत्र लिखकर मामले की जांच का अनुरोध किया है।

पिछले साल जितेश शर्मा ने गाना गाया था

आरसीबी ने पिछले साल चेन्नई से मुकाबले से पहले अपने विकेटकीपर जितेश शर्मा का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे इडली-डोसा वाला गाना गा रहे थे। तब उन्हें ष्टस्च्च फैंस ने ट्रोल किया था। हालांकि, इस पर ज्यादा विवाद नहीं हुआ था। इस गाने को संगीतकार गाना अप्पु ने बनाया था।

पिछले कुछ सालों में ष्टस्च्च और आरसीबी के बीच राइवलरी देखने को मिली है, जिस वजह इसे ढ्ढक्कका सदर्न डर्बी कहा गया। हेड टु हेड में ष्टस्च्च का ऋष्टक्क पर पलड़ा भले ही भारी रहा हो, लेकिन पिछले कुछ सीजन में बेंगलुरु ने चेन्नई पर अपना दबदबा बनाया है।

5 अप्रैल को खेले गए मैच में आरसीबी ने सीएसके को 43 रन से हराया था। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी आरसीबी ने 250 रन बनाए। यह सीजन का बेस्ट स्कोर है।

# लियोनेल मेसी कानूनी विवाद में फंसे

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी कानूनी विवाद में फंस गए हैं। मियामी की इवेंट कंपनी वीआईडी म्यूजिक ग्रुप ने मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मामला पिछले साल अक्टूबर में मियामी के हॉर्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अर्जेंटीना बनाम वेनेजुएला फ्रेंडली मैच से जुड़ा है। कंपनी का आरोप है कि मेसी ने इस मैच में खेलने के लिए किए गए लगभग 7 मिलियन डॉलर के अनुबंध का उल्लंघन किया। समझौते के तहत उन्हें कम से कम 30 मिनट मैदान पर उतरना था, जब तक कि वे चोटिल न हों। हालांकि, मेसी ने मैच में हिस्सा नहीं लिया और स्टेडियम के एक लग्जरी सुइट से मुकाबला देखा। कंपनी का दावा है कि उनकी अनुपस्थिति से टिकट बिक्री, स्पॉन्सरशिप और ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू पर बड़ा असर पड़ा, जिससे उन्हें भारी



आर्थिक नुकसान हुआ। वीआईडी म्यूजिक ग्रुप के वकील राल्फ पैटिनो के अनुसार, मेसी की भागीदारी इस डील की एक अहम शर्त थी और यह सीधे तौर पर मैच की व्यावसायिक सफलता से जुड़ी हुई थी। कंपनी ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के साथ वेनेजुएला और प्यूर्टो रिको के खिलाफ दो मैत्री मैचों के प्रमोशन का करार किया था।

दिलचस्प यह है कि वेनेजुएला के खिलाफ मैच में नहीं खेलने के बावजूद मेसी अगले ही दिन मेजर लीग सॉकर में अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ के लिए उतरे और अटलांटा के खिलाफ 4-0 की जीत में दो गोल दागे, और प्यूर्टो रिको के खिलाफ खेले गए दूसरे फ्रेंडली मैच में हिस्सा लिया।

प्यूर्टो रिको मैच को पहले शिकागो में आयोजित किया जाना था, लेकिन टिकटों की कम बिक्री के चलते इसे मियामी शिफ्ट करना पड़ा। बाद में टिकट की कीमत घटाकर 25 डॉलर तक करनी पड़ी। एएफए ने इसके लिए इमिग्रेशन से जुड़ी समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया।

# वैशाली ने चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता

### पहली भारतीय महिला बनीं, अब वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन से भिड़ंत

भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने फाइड विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने 15 अप्रैल को साइप्रस के कैप सेंट जॉर्ज होटल में खेले गए फाइनल राउंड के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया। वैशाली ने फाइनल राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए रूस की अनुभवी खिलाड़ी कैटरिना लग्नो को हराया।

24 साल की वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अब वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देंगी।

ओपनिंग से ही बनाई मजबूत



पकड़

रूस की कैटरिना लग्नो ने मुकाबले की शुरुआत में सिसिलियन डिफेंस की ड्रैगन वेरिएशन अपनाई। यानी उन्होंने अपने किंग को सुरक्षित रखते हुए काले मोहरों को इस तरह जमाया कि उनका ऊंट (बिशप) कोने से लंबी दूरी तक असर डाल सके।

इसके जवाब में वैशाली रमेशबाबू ने यूगोस्लाव अटैक खेला। मतलब, उन्होंने शुरुआत से ही सफेद मोहरों से किंग साइड पर तेज हमला करने की रणनीति अपनाई और खेल पर पकड़ बना ली। करीब 16वीं चाल तक वैशाली के पास साफ बढ़त थी। इसके बाद उन्होंने बिना जल्दबाजी किए रूसी खिलाड़ी की गलतियों का भी पूरा फायदा उठाया। 48वीं चाल पर लग्नो ने हार मान ली।

**दूसरे मैच के ड्रॉ से मिला फायदा**

आखिरी राउंड शुरू होने से पहले वैशाली रमेशबाबू और कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा 7.5 अंको के साथ बराबरी पर थीं। आखिरी मुकाबले में कजाकिस्तानी खिलाड़ी को भारत की दिव्या देशमुख ने ड्रॉ पर रोक दिया। इसका फायदा वैशाली को मिला, जिससे उन्हें बढ़त हासिल हुई और वे चैंपियन बन गईं।

**धीमी शुरुआत के बाद शानदार वापसी**

वैशाली टूर्नामेंट में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी थीं। पहले चार मुकाबले ड्रॉ रहे और पांचवें में हार मिली। इसके बाद उन्होंने लगातार बेहतर खेल दिखाते हुए वापसी की और खिताब जीत लिया।

# पीसीबी के राजनीतिकरण के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज संभव नहीं : ललित मोदी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी का मानना है कि भविष्य में कभी भी भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज होने की संभावना नहीं है। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर उसके मुल्क की राजनीति का प्रभाव बहुत अधिक है। ललित मोदी ने कहा कि अगर बोर्ड ने 'राजनीतिक दांव-पेच न खेले होते और इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाया होता', तो शायद 'कुछ बात बन सकती थी'। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन से बात करते हुए, मोदी ने इस विचार को खारिज कर दिया कि कोई तटस्थ जगह भी दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंधों को फिर से शुरू कर सकती है।

उन्होंने कहा कि असली समस्या उस चीज में है, जिसे उन्होंने पीसीबी पर बढ़ता राजनीतिक प्रभाव बताया। ललित मोदी ने दोहराया है कि स्थिति में जल्द सुधार होने की संभावना नहीं है।



ऐसे में निकट भविष्य में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज की संभावना लगभग खत्म हो जाती है। उन्होंने 'स्टिक टू क्रिकेट' पॉडकास्ट पर कहा, 'मुझे डर है कि निकट भविष्य में यह संभव नहीं हो पाएगा, मुख्य रूप से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा किए गए राजनीतिकरण के कारण, और दुर्भाग्य से, स्थिति यही है। '

मोदी ने तर्क दिया कि क्रिकेट जगत में अब फैसले स्वतंत्र रूप से नहीं लिए जा रहे हैं, जिससे दोनों टीमों के बीच मैच आयोजित करने के प्रयास और भी मुश्किल हो गए हैं। उन्होंने भारत-पाकिस्तान मुकाबलों के आसपास के तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई।

ललित मोदी ने कहा, 'मैं ही वह व्यक्ति था जो पाकिस्तानी खिलाड़ियों को आईपीएल में लेकर आया था, लेकिन 26/11 के मुंबई हमलों के बाद मुझे उन्हें हटाना पड़ा। समस्या यह है कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड स्वतंत्र होता और स्वतंत्र रूप से काम करता, अगर उस पर राजनीतिक प्रभाव न होता, तो शायद कुछ बात बन सकती थी,

लेकिन आज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर सत्ता में बैठे लोगों का इतना ज्यादा राजनीतिक प्रभाव है कि वे अपनी मर्जी चला रहे हैं और इसे राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं। हमारे बीच उस स्तर पर, यानी राजनीतिक स्तर पर तनाव है, और यह तनाव कम होने वाला नहीं है। यह तो और भी बदतर होता जाएगा। इसलिए मुझे खिलाड़ियों की सुरक्षा की चिंता है। 'भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 सीजन के बाद नियमित द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलना बंद कर दिया था। जनवरी 2013 में पाकिस्तान के भारत दौरे के बाद, बढ़ते राजनीतिक तनाव और सुरक्षा चिंताओं के कारण द्विपक्षीय मैच रुक गए थे।

## व्यापार

# यूट्यूब एप से पूरी तरह हटा सकेंगे शॉर्ट्स :टाइम मैनेजमेंट में नया 0 मिनट का ऑप्शन मिला

**नई दिल्ली।** यूट्यूब ने 'टाइम मैनेजमेंट' का नया फीचर जारी किया है। इसके जरिए अब आप एप पर शॉर्ट्स देखने की समय सीमा को 'जीरो' पर सेट कर सकते हैं। इससे शॉर्ट्स फीड पूरी तरह से हट जाएगी। इसका मकसद स्क्रीन टाइम को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद करना है।यूट्यूब ने पिछले साल अक्टूबर में शॉर्ट्स के लिए टाइमर फीचर पेश किया था, जिसमें न्यूनतम समय सीमा 15 मिनट थी। जनवरी में इस फीचर का विस्तार करते हुए माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम पर कंट्रोल देने के लिए 'जीरो मिनट' का विकल्प लाने की घोषणा की गई थी।

सभी अकाउंट के लिए फीचर रोलआउट

यूट्यूब की प्रवक्ता मैकेंजी स्पिलर




के मुताबिक, अब यह विकल्प सभी पैरेंट्स के लिए लाइव हो चुका है और धीरे-धीरे सामान्य एडल्ट अकाउंट्स के लिए भी रोल आउट किया जा रहा है।

होम स्क्रीन से भी शॉर्ट्स के सुझाव हट जाएंगे

जैसे ही आप 'जीरो मिनिट' की लिमिट चुनेंगे, शॉर्ट्स टैब पर कोई वीडियो नहीं दिखेगा। वहां केवल एक नोटिफिकेशन दिखाई देगा कि आपने अपनी 'शॉर्ट्स फीड लिमिट' पूरी कर ली है। लिमिट सेट करने के बाद होम स्क्रीन से भी शॉर्ट्स के सुझाव हट जाएंगे।

बिंज वॉचिंग और रील की लत छुड़ाने में मदद मिलेगी

भारत में यूट्यूब के करोड़ों यूजर्स हैं और शॉर्ट्स का क्रेज बहुत ज्यादा है। ऐसे में यह फीचर उन लोगों के लिए काफी मददगार साबित होगा जो डूम स्क्रॉलिंग यानी अनचाहे स्क्रॉलिंग की आदत छोड़ना चाहते हैं। डिजिटल वेलबीइंग की दिशा में यह यूट्यूब का एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# बैंक फ्रॉड मामले में अनिल अंबानी को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जो बैंकों को उनके लोन अकाउंट को 'फ्रॉड' (धोखाधड़ी) घोषित करने की अनुमति देता है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच का आदेश इस मामले में लंबित सिविल सूट के आड़े नहीं आएगा।

**क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, इंडियन ओवरसीज बैंक सहित दो अन्य बैंकों ने अनिल अंबानी के लोन अकाउंट को 'फ्रॉड' के तौर पर क्लासिफाई करने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके खिलाफ अंबानी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया



था।

दिसंबर 2023 में हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच ने अंबानी को अंतरिम राहत देते हुए बैंकों की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। हालांकि, बाद में हाईकोर्ट की ही डिवीजन बेंच ने इस रोक को हटा दिया और बैंकों को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी। इसी फैसले को अंबानी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

**सेटलमेंट की इच्छा पर कोर्ट की टिप्पणी**

सुनवाई के दौरान अनिल अंबानी के वकील ने कोर्ट को बताया कि वे बैंकों के साथ इस मामले को सुलझाना चाहते हैं।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि सेटलमेंट के विषय पर उनकी कोई राय नहीं है, यह बैंकों और कर्जदार के बीच का मामला है।

**अंबानी के लिए क्यों बढ़ सकती है मुश्किल?**

अगर बैंक किसी अकाउंट को 'फ्रॉड' घोषित कर देते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम होते हैं। ऋब्ढ्ढ के नियमों के मुताबिक, फ्रॉड घोषित होने के बाद संबंधित व्यक्ति या कंपनी को भविष्य में बैंकिंग सिस्टम से किसी भी तरह का कर्ज मिलने में भारी मुश्किल आती है। साथ ही, केंद्रीय जांच एजेंसियां जैसे सीबीआई भी इस मामले में अपनी जांच शुरू कर सकती हैं।

# विप्रो का चौथी तिमाही का मुनाफा 1.8 प्रतिशत गिरकर 3502 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** विप्रो ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026 की मार्च तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में 1.89 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करते हुए इसे 3,501.8 करोड़ रुपये बताया। आईटी कंपनी का पिछले वर्ष की इसी अवधि का मुनाफा 3,569.6 करोड़ रुपये था।

नियामकीय फाइलिंग के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में परिचालन से राजस्व 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये हो गया। पिछले दिसंबर तिमाही की तुलना में, लाभ और राजस्व में क्रमशः 12.2 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विप्रो ने 13,197.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो 2024-25 की तुलना में मामूली 0.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026




में राजस्व 3.96 प्रतिशत बढ़कर 92,624 करोड़ रुपये हो गया। विप्रो के सीईओ और एमडी श्रीनि पल्लिया ने कहा, 'एआई में हो रही प्रगति ग्राहकों की प्राथमिकताओं को नया आकार दे रही है और मूल्य-आधारित परिणाम देने के लिए हमें और अधिक गहन साझेदारी करने के नए अवसर प्रदान कर रही है। एआई-प्रधान दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए, हम एआई नेटिव बिजनेस एंड प्लेटफॉर्म्स यूनिट के माध्यम से सर्विसेज-एज़-ए-सॉफ्टवेयर मॉडल की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ओलाम ग्रुप के साथ हमारा रणनीतिक समझौता व्यापक स्तर पर अवसरों का लाभ उठाने के लिए किए जा रहे हमारे निर्णायक निवेशों को और दर्शाता है,' गुरुवार को बीएसई पर विप्रो के शेयर 0.19 प्रतिशत बढ़कर 210.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। बाजार बंद होने के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की गई।आईटी सेवाओं की दिग्गज कंपनी विप्रो ने गुरुवार को 250 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 15,000 करोड़ रुपये के शेयर बायबैक की घोषणा की, जो शेयर के अंतिम बंद भाव से 19% अधिक है। यह लगभग तीन वर्षों में आईटी क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी द्वारा की गई पहली शेयर बायबैक योजना है।

# भारत-ऑस्ट्रिया के बीच व्यापार, निवेश और रक्षा संबंधों से जुड़े छह अहम समझौते

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष और खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कुल छह समझौतों, समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और सहमति पत्रों (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ऑस्ट्रियाई चांसलर के सम्मान में आयोजित एक विशेष लंच के बाद इन समझौतों को अंतिम रूप दिया गया।

**सरकार की ओर से क्या बताया गया?**

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने इस उच्च



स्तरीय दौरे पर एक विशेष ब्रीफिंग में बताया कि हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के नेताओं के बीच व्यापक बातचीत हुई। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं को कवर किया और आपसी हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विस्तार से विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारत-ऑस्ट्रिया के बीच समझौतों का किस क्षेत्र पर क्या असर पड़ेगा?

व्यापारिक जगत के लिए इस वार्ता का सबसे बड़ा आकर्षण निवेश और उद्योग से जुड़े फैसले रहे:निवेश के लिए फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्मः दोनों देशों की ओर से द्विपक्षीय निवेश को तेजी से बढ़ावा देने के लिए एक 'फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म' (त्वरित तंत्र) स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इससे भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों के लिए एक-दूसरे के देश में पूंजी प्रवाह और व्यापार करना ज्यादा आसान हो जाएगा।

**खाद्य सुरक्षा और मानकः** दोनों देशों ने खाद्य सुरक्षा और मानकों पर एक अहम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और कृषि व्यापार से जुड़े क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।



# राजस्थान पुलिस का 77वां स्थापना दिवस गौरव और उत्साह के साथ मना

# पुलिस स्थापना दिवस पर सीएम ने लॉन्च किया राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल, अब घर बैठे मिलेंगी सुविधाएं



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस गुरुवार को अपना 77वां स्थापना दिवस पूरे गौरव और उत्साह के साथ मना रही है। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्यस्तरीय भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कार्यक्रम स्थल पर आगमन बेहद आकर्षक रहा, जहां वे पुलिस की मोटरसाइकिल बटालियन और घुड़सवार जवानों के साथ समारोह स्थल तक पहुंचे। उन्होंने परेड की सलामी ली और प्रदेश के पुलिसकर्मियों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकॉप सिटीजन ऐप से जुड़े राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल का लोकार्पण किया। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के हजारों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनके परिजन अब घर बैठे डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इससे पेंशन संबंधी प्रक्रियाएं सरल व पारदर्शी बनेंगी और बुजुर्ग पेंशनर्स को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। स्थापना दिवस समारोह में इस वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तीन आम नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने सिरोही के प्रकाश प्रजापति, झालावाड़ के सुरजीत कश्यप और उदयपुर की बाल सुरक्षा सलाहकार सिंधु बिनुजीत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशानुसार इन तीनों को उनके अनुकरणीय सामाजिक कार्यों के लिए चुना गया।

विशेष रूप से सिंधु बिनुजीत के कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने वर्ष 2010 से डूंगरपुर के आदिवासी क्षेत्रों में बाल श्रम और पलायन रोकने के लिए यूनिसेफ के सहयोग से 'वत्सल वार्ता' और 'बाल मित्र थाने' जैसी पहल शुरू की। उनके प्रयासों से बच्चों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा और भय कम हुआ। वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी इस मॉडल की सराहना करते हुए इसे पूरे प्रदेश में लागू करने के निर्देश दिए थे। राज्यभर में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोटा, कोटपूतली, बांसवाड़ा और डूंगरपुर सहित कई जिलों में परेड, वृक्षारोपण, सम्मान समारोह और रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन न केवल पुलिस बल के गौरवशाली इतिहास को याद करने का अवसर बना बल्कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करने का संदेश भी देता है।

# ओरण बचाओ पदयात्रा निकाली, पुलिस ने भवानी निकेतन के पास रोका

### विधायक भाटी ने कहा मांगें नहीं मानी तो करेंगे बड़ा आंदोलन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान में चारागाह और वन क्षेत्र (ओरण) के संरक्षण को लेकर जयपुर में गुरुवार को बड़ा जनआंदोलन देखने को मिला। सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन से ओरण बचाओ पदयात्रा निकाली गई, जिसमें जैसलमेर सहित प्रदेशभर से सैकड़ों लोग शामिल हुए। यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचकर सरकार का ध्यान पर्यावरण संरक्षण और ओरण भूमि की सुरक्षा की ओर आकर्षित करने के लिए निकाली गई, लेकिन पुलिस ने पद यात्रियों को भवानी निकेतन के पास ही रोक लिया। भवानी निकेतक के पास पद यात्रियों और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हो गई। पदयात्रा में शामिल बाड़मेर जिले के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने सरकार पर निशाना साधा है।

### सरकार गंभीर नहीं दिख रही

भाटी ने कहा कि जैसलमेर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बड़ी संख्या में बुजुर्ग लोग जयपुर पहुंचे हैं, जिन्होंने 1965 और 1971 के युद्ध में देश के लिए योगदान दिया था, लेकिन आज उन्हें अपनी जायज मांगों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार के लिए चिंतन का विषय है और ओरण भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना चाहिए। भाटी ने आरोप लगाया कि वर्तमान में ओरण भूमि का बड़ा हिस्सा राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, जिससे अतिक्रमण की घटनाएं बढ़ रही हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में किसानों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्पष्ट नीति या गाइडलाइन सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा अतिक्रमण के मामलों पर भी सरकार गंभीर नहीं दिख रही है।

उन्होंने खेजड़ी संरक्षण को लेकर प्रस्तावित बिल का जिक्र किया। कहा कि सरकार ने सदन में बिल लाने का वादा किया था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। विश्नोई समाज सहित कई वर्गों ने इस मुद्दे पर आंदोलन किया, लेकिन सरकार की घोषणाएं अभी तक धरातल पर नहीं उतरी हैं।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे 21 जनवरी को जैसलमेर के तनोट माता मंदिर से पदयात्रा शुरू कर जयपुर पहुंचे हैं। कड़ाके की ठंड से लेकर अब भीषण गर्मी तक नंगे पैर यात्रा कर रहे लोगों का कहना है कि वे ओरण, गोचर भूमि, खेजड़ी पेड़, नदियों, नालों और तालाबों के संरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान जय जय जैसाण के नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी के 4 बदमाशों को पकड़ाः 50 पासपोर्ट और 32 मुहर जब्त

### विधायक भाटी ने कहा मांगें नहीं मानी तो करेंगे बड़ा आंदोलन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर की डीएसटी (वेस्ट) पुलिस ने फ्लैट में छिपे बैठे 4 बदमाशों को मंगलवार देर रात दबिश देकर पकड़ा है। फ्लैट की तलाशी में बदमाशों के पास से 50 पासपोर्ट और 32 मुहर मिली है।

बदमाशों की गैंग विदेश में जॉब लगाने का झांसा देकर ठगी करती थी। झोटवाड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में कुचामन निवासी लोकेंद्र और विजयपाल सिंह, झुंझुनूं निवासी लोकश व रीगंस निवासी गोगराज को पकड़ा है।

डीएसटी वेस्ट के एएसआई मनेन्द्र और कॉन्स्टेबल कोमल सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि झोटवाड़ा इलाके में स्थित शिवशंकर टावर अपार्टमेंट के फॉर्थ फ्लोर पर फ्लैट में कुछ बदमाश छिपे हुए है। डीएसटी इंचार्ज गणेश सैनी के नेतृत्व में टीम ने बुधवार देर रात फ्लैट में दबिश दी। रेड के दौरान फ्लैट में डीडवाना के मकराना का वांटेड बदमाश लोकेंद्र सिंह अपने तीन साथियों के साथ मिला।

पुलिस ने चारों को पकड़कर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने विदेश में जॉब का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी का काम करना बताया। फ्लैट की तलाशी में 50 पासपोर्ट, 32 मोहरे , 3 मोबाइल और हिसाब की 5 डायरी मिली। जांच में सामने आया कि गिरोह के बदमाश डायमंड वीजा सर्विस के नाम से फ्रॉड का काम करते है। इस फर्म के जरिए लोगों को विदेश भेजकर जॉब लगाने का झांसा इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए दिया जाता था। वीजा दिलवाकर ड्राइवर-माली-मिस्त्री आदि के नाम पर विदेश में जॉब लगाकर भेजने का झांसा देकर लाखों रुपए फ्रॉड करते थे।

# संस्कृति से जुड़कर सहकार के भाव को प्रबल करें- हरिभाऊ बागडे



### नागरिक सहकारी बैंक लि. के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय का लोकार्पण समारोह आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को जालोर में जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय का लोकार्पण किया। समारोह में राज्यपाल ने जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय के लोकार्पण की शुभकामनाएँ देते हुए सहकारी बैंकिंग संस्थाओं के आम व्यक्ति के जीवन में वित्तीय महत्व के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक छोटे उद्यमियों, कुटीर उद्योगों, किसानों, मजदूरों, फल-सब्जी के व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता देते है। इससे गरीब एवं मध्यम वर्ग को स्वरोजगार का मौका मिलता है। यही सहकार है जो सबको साथ लेकर आगे बढ़ता हैं।

राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में सहकारिता क्षेत्र में अपने जीवन के अनुभव व संस्मरण साझा करते हुए डेयरी व कृषि के व्यवसाय में सहकारी संस्थाओं का महत्व बताया। उन्होने कहा कि राज्य में कृषि व डेयरी क्षेत्र में विकास व नवाचार हेतु सहकारिता से जुड़े संस्थानों को पारदर्शिता व कर्मठता से कार्य करने होंगे एवं इन वित्तीय संस्थानों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आधिकाधिक संख्या में वंचित वर्ग के लोगों को जोड़ना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2014 में शुरू की गई जन-धन योजना के तहत कुल 56 करोड़ नवीन बैंक अकाउंट खोले गए। जिससे आमजन को विभिन्न जानकल्याणकारी योजनाओं का डीबीटी के माध्यम से सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के पथ पर निरंतर अग्रसर है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में डेयरी के क्षेत्र में सहकारिता द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप दुग्ध उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने भारतीय शिक्षा पद्धति व ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने तथा भारतीय संस्कृति से जुड़कर सहकार के भाव को प्रबल करने की बात कही।

# राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण शिविर भाग लेने हेतु 6 स्काउट माउंट आबू सिरोही रवाना



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 16 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रपति अवार्ड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुरानी छावनी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धौलपुर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराणा के 6 स्काउट एवं रोवर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महदपुरा के स्काउटर शिवराम प्रजापति के नेतृत्व रामकेश, नैतिक ,रमन कुमार, अंशुल मीणा, योगेश कुमार, ऐदलसिंह माउंट आबू सिरोही के लिए रवाना हुए। राष्ट्रपति प्रशिक्षण हेतु जिले से चयनित स्काउट एवं रोवर को जिला कमिश्नर महेश चंद्र मंगल, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर महेश कुमार शर्मा, संस्थापन अधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय,सी. ओ. स्काउट गजेन्द्र त्यागी, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर मनोज कुमार शर्मा, भगवान सिंह मीणा आदि ने शुभकामनाएं दी।

# कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में प्रमाण-पत्रों का वितरण

**जयपुर।** कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा संचालित दो प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों ''इंस्ट्रुमेंटल टेक्नीक्स फॉर केमिकल एनालिसिस तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एंड क्लाइमेट चेंज'' के सफल समापन उपरांत दिनांक 16 अप्रैल, 2026 को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कार भी प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल एवं उप-प्राचार्य डॉ. रंजना अग्रवाल (अकादमिक) की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्राचार्य महोदया ने अपने संबोधन में कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने सीडीईओ को दिया ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से डीईओ प्रारंभिक को मुख्यालय पाबंद कर शिक्षकों की महीनों से लंबितसमस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने सीडीईओ महेश कुमार मंगल को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक रामेश्वर दयाल के ऑफिस में तय समय पर उपस्थित नहीं रहने के कारण शिक्षकों एवं स्कूलों की समस्याओं का महीनों तक निराकरण नहीं हो रहा है। जिस से शिक्षा विभाग एवं सरकार की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ।संघ के पूर्व प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा कहना है कि डीईओ प्रारंभिक कार्यालय की उदासीनता के चलते जिले के सभी ब्लॉक्स के स्कूलों को अभी तक अन्नपूर्णा दूध योजना का पैसा पिछले साल 1 जुलाई से अभी तक नहीं मिला है। इसी प्रकार धौलपुर व राजाखेड़ा ब्लॉक के सैकड़ों स्कूलों को अभी तक पिछले साल एक नवंबर से मिड डे मील योजना के तहत छात्रों के पोषाहार की राशि एवं मिड डे मील वर्कर्स के मानदेय का बजट भी नहीं मिला है। जिससे स्कूलों पर हजारों रुपए की उधारी हो चुकी है । स्कूलों को बिना बजट के सरकार की दोनों योजनाओं को संचालित करने में मुश्किल आ रही हैं।संघ के प्रवक्ता भानु प्रताप परमार ने बताया कि संघ ने ज्ञापन में लिखा है कि जिले के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा जनवरी में एमएसीपी तथा स्थाईकरण के लिए

डीईओ एलिमेंट्री को ऑनलाइन आवेदन करने के बाबजूद उनकी ओर से अभी तक आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं । जिससे शिक्षकों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही हैं ।जबकि शिक्षा निदेशालय की गाइडलाइन के अनुसार आवेदन के 20 दिनों के अंदर आदेश जारी किए जाने चाहिए ।संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने सीडीईओ को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक जिनके पास डाइट प्रिंसिपल का भी अतिरिक्त कार्यभार है।

अति महत्वपूर्ण एवं जिला स्तरीय जिम्मेदार अधिकारी होते हुए भी इनका दोनों कार्यालयों में बैठने व आने जाने का कोई समय एवं दिन तय नहीं है। ऐसे में इनको आदेशित करते हुए दोनों कार्यालयों में बैठने का दिन व समय पूर्व निर्धारित करना चाहिए ताकि दूर दराज से आने वाले शिक्षकों को अपनी समस्याओं को बताने एवं मिलने का अवसर मिल सके।

# प्रमुख शासन सचिव ने शिकायतों का तय समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**जयपुर।** पशुपालन, मत्स्य एवं गौ-पालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रमुख शासन सचिव ने हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम पर परिवादियों से सीधे संवाद किया। चित्तौड़गढ़ से परिवादी संजय कुमार ने बताया कि राणा प्रताप सागर एवं बीसलपुर बांध में मत्स्य ठेकेदार लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद अवैध मत्स्य आखेट कर रहे हैं। इसी प्रकार, अलवर के देवेन्द्र ने अपने पालतू को इलाज नहीं मिलने की शिकायत की, झुंझुनूं के अशोक कुमार ने पशुओं की दवाइयों की समस्या बताई, जबकि उदयपुर के देवी लाल ने डॉक्टरों की अनुपस्थिति की शिकायत की। दौसा के महेश ने वेटनरी कॉलेज में जमा राशि वापस नहीं मिलने तथा जयपुर के महेंद्र ने गौशाला अनुदान नहीं मिलने की समस्या बताई। प्रमुख शासन सचिव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण एवं लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार कोटा के नवल ने बिना अनुमति गाय को टीका लगाने से गाय के बीमार होने की जानकारी दी, जिस पर उन्होंने तुरंत चिकित्सकीय टीम भेजने के निर्देश दिए गए। भाले ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि हेल्पलाइन 181 पर प्राप्त शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं की नियमित समीक्षा की जाए तथा कॉल रिस्पॉन्स टाइम, शिकायत पंजीकरण प्रक्रिया और समाधान की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

भाले ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा हेल्पलाइन प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप करने तथा पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी हेल्पलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल सेंटर की व्यवस्थाओं, तकनीकी संसाधनों एवं स्टाफ की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी परिवादियों से स्वयं संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करें तथा समाधान के बाद फीडबैक भी लिया जाए। यदि कोई अधिकारी बिना समाधान किए शिकायत को फॉरवर्ड करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में विभागवार शिकायतों की स्थिति भी प्रस्तुत की गई। पशुपालन विभाग में पिछले एक वर्ष में 17,977 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 16,908 का निस्तारण किया गया। औसत निस्तारण समय 18 दिन और संतुष्टि प्रतिशत 67% रहा। मत्स्य विभाग में 140 शिकायतों में से 122 का निस्तारण हुआ। गोपालन विभाग में 1,024 शिकायतों में से 971 का निस्तारण हुआ, राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड में 2,694 शिकायतों में से 2,515 का निस्तारण हुआ, वहीं राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरिनरी एंड एनिमल साइंसेज में 172 शिकायतों में से 157 का निस्तारण हुआ।

# अपनों द्वारा बनाये चक्रव्यूह में हैं घिरे हम



एसके मंगल

अभिमन्यु की तरह हम ही चक्रव्यूह में फंसे हुए हैं। यह चक्रव्यूह अपनों का ही है जिससे हम घिरे हुए हैं। घिरे होने का अर्थ है - चारों ओर से समस्याओं, साजिशों या जिम्मेदारियों के चक्रव्यूह में फंसना, जहां बाहरी मदद न के बराबर हो और अपनों का ही दबाव या छल हो। यह प्रतीक वीरता, अकेले संघर्ष करने, ज्ञान की सीमा और अंततः अन्यायपूर्ण परिस्थिति में भी अदम्य साहस को दर्शाता है। अधूरा ज्ञान या चक्रव्यूह में प्रवेश तो किया, लेकिन बाहर निकलने की विद्या न होना, जो आधुनिक जीवन में अधूरे कौशल या तैयारी को दर्शाता है। महान वीर होने के बावजूद, अपनों के साथ न होने या विश्वासघात के कारण एकाकी संघर्ष। जातिवाद साम्प्रदायिकता, ईर्ष्या या अपेक्षाओं के चक्रव्यूह में घिरे रहना। हार निश्चित जानकर अभिमन्यु की तरह हमें लड़ते रहना नहीं आता। यह ऐसी स्थिति है जहां इंसान संघर्षों की समर भूमि में खुद को निस्सहाय पाता है। हर व्यक्ति चक्रव्यूह में कैद है। यह पंक्ति वर्तमान जीवन के संघर्षों, जटिलताओं और अनिश्चितताओं को दर्शाती है, जहां हम अभिमन्यु की तरह, समस्याओं के चक्रव्यूह में फंसे हुए महसूस करते हैं। यह 'अर्धज्ञान' की स्थिति को भी दर्शाता है, जहां हम चुनौतियों में प्रवेश तो कर जाते हैं, पर निकलने का रास्ता समाधान नहीं जानते। आधुनिक चक्रव्यूह व्यक्तिगत, व्यावसायिक और सामाजिक जीवन में समस्याओं का जाल है। आधे ज्ञान के साथ जोखिम उठाना भी तनावपूर्ण हो सकता है। मृत्यु या असफलता निश्चित होने के बावजूद निडरता से संघर्ष जारी रखना। निष्कर्ष यह है कि जैसे अभिमन्यु ने वीरता से चक्रव्यूह में प्रवेश किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, वैसे ही हम भी अपनी खुद्दारी और पराक्रम के साथ संघर्ष की समर भूमि में डटे हुए हैं।



## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 2026

# रिजर्व पुलिस लाईन में प्रथम बार परेड व उत्कृष्ट पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



**जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशानुसार गुरूवार को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पुलिस लाईन में प्रथम बार परेड का भव्य आयोजन किया गया**






हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** एएसपी कोटपूतली नाजिम अली खान, एएसपी नीमराना सुरेश कुमार खिंची समेत जिले के समस्त डीएसपी, थानाधिकारी व संचित निरीक्षक के सुपरविजन में बुधवार को परेड का आयोजन हुआ। इस मौके पर एसपी सतवीर सिंह द्वारा परेड की सलामी ली गई। परेड में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। एसपी सिंह ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि राजस्थान पुलिस सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम, अति उत्तम एवं उत्तम सेवा चिन्ह प्राप्त करने वाले कुल 54 अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से एएसआई मदनलाल मांडैया पुत्र माडूराम को, अति उत्तम सेवा चिन्ह से एसआई ओमप्रकाश पुत्र देबूराम सैनी, कानि. चालक नरेश कुमार पुत्र श्योराम सिंह, कानि. सुभाष चन्द पुत्र ख्यालीराम मीणा को एवं उत्तम सेवा चिन्ह से हैड कानि. संदीप कुमार पुत्र विशम्भर दयाल, कानि. अशोक कुमार पुत्र हुक्मीचंद, जयभगवान यादव पुत्र रतनलाल, कालूराम पुत्र कानाराम यादव, कमलेश कुमार पुत्र सरदारमल यादव, कंवरसिंह यादव पुत्र सूरजभान, कमलेश कुमार पुत्र बाबूलाल यादव, रामावतार पुत्र रामरतन यादव, शीशराम गुर्जर पुत्र हनुमान सहाय, सुनील कुमार जाट पुत्र चन्दाराम, उदयसिंह पुत्र रामसिंह यादव, विक्रम सिंह गुर्जर पुत्र महावीर आदि को एवं उत्कृष्ठ कार्य हेतु पुलिस निरीक्षक प्रकिता, उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह शेखावत, अशोक कुमार, एएसआई जयराम, संतलाल शर्मा, राकेश कुमार, हैड कानि. अशोक कुमार, कानि. कंवरपाल, लखन सिंह, आरएचजी धर्मेन्द्र सेहरा, महिला कानि. सोना व अनोद, एएओ कंवरपाल, वरिष्ठ सहायक विक्रम सिंह, कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार, मनीष कुमार, सुनील कुमार, कानि. देवेन्द्र कुमार, सुरजीत सिंह, सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर रोहिताष्व ताखर, रिटायर्ड कानि. प्रकाश कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

## सरकारी स्कूल से गेट चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय मोहनपुरा से गेट चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया लोहे का गेट बरामद किया हैं। थानाधिकारी यशपाल सिंह ने बताया कि विगत 13 अप्रैल को परिवादी अशोक कुमार सुरेला पुत्र जगदीश प्रसाद मेघवाल निवासी रायकरणपुरा थाना पनियाला हाल प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय मोहनपुरा ने दर्ज कराया कि अज्ञात चोर अवकाश के दिनों में सरकारी स्कूल में लगे लोहे के गेट को काटकर चोरी कर ले गये है। उक्त चोरी की वारदात का खुलासा करने हेतु थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर चोरी में संलिप्त आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश हेतु आसूचना एकत्रित कर आरोपियों के मिलने वाले संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। बुधवार को संभावित स्थान ग्राम मोहनपुरा से आरोपी त्रिलोक पुत्र सुबेसिंह मीणा, सचिन पुत्र सुरेश यादव दोनों निवासी मोहनपुरा, योगेश सुरेलिया पुत्र श्यामलाल योगी निवासी जोधपुरा व विक्की पुत्र सुन्दर लुहार निवासी बानसुर हाल पाटन को डिटेन कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया एवं चोरी किये गये लोहे के गेट को आरोपियों की निशानदेही से बरामद किया गया। चोरी के आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं में संलिप्तता व अन्य आरोपियों के सम्बन्ध में गहनता से पुछताछ की जा रही है।



## पुलिस स्थापना दिवस पर किया रक्तदान

**कोटपूतली।** 77वें पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर 112 पायलट कुलदीप सिंह ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। उनका यह सराहनीय कदम समाज सेवा और मानवता के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। रक्तदान जैसे महान कार्य के माध्यम से उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने अन्य लोगों को भी इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित किया। उनका यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है।

# संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई के परिवादों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें - जिला कलक्टर

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलक्टर ने दिए परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन की परिवेदनाओं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उन्होंने अधिकारियों से आमजन के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ सुनने और आपसी समन्वय से आमजन के हितार्थ कार्य करने, आमजन के साथ कुशल व सभ्य व्यवहार करने को कहा साथ ही कहा कि अपने अधीनस्थ कार्यालय के कार्यों की मॉनिटरिंग करें व निचले स्तर तक निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में अपने अधीनस्थों के माध्यम से मौके पर ही परिवादियों की समस्या को सुनकर तुरंत समाधान के प्रयास करें, जिससे कि परिवादी को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। इस दौरान जिला स्तरीय सतर्कता समिति के तहत दर्ज परिवादों के निस्तारण की सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने विभागवार लंबित परीवादों की समीक्षा कर मौके पर ही अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर कहा कि सम्पर्क पोर्टल, जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा के भीतर किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रकरण का निस्तारण कर पोर्टल पर अपडेट करें, अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुरूप इस कार्य को प्राथमिकता से लेंवे, कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिले के समस्त उपखंड अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने पेंशन, अतिक्रमण, रास्ता, सड़क, पट्टा, सफाई, विद्युत, पेयजल, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, भूमि विवाद, पुलिस, अवैध खनन, राशन, कानून व्यवस्था, भुगतान, सहित अन्य प्राप्त प्रकरणों को धैर्यपूर्वक सुनकर नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम जगदीश कुमार, एएसपी वैभव नाजिम अली, आयुक्त नगर परिषद अरुण शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर-दिल्ली हाईवे पर ट्रक-ट्रेलर में भिड़ंत

### बहरोड़ में ट्रक ने ब्रेक लगाया, पीछे से आ रहा ट्रेलर भिड़ा एक घंटे लगा रहा जाम



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे संख्या-48 पर बुधवार को बहरोड़ क्षेत्र के गांव गुंति के पास एक सड़क हादसा हुआ। आगे चल रहे ट्रक ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा लिया। जिससे पीछे आ रहा एक ट्रेलर उससे टकरा गया। इस टक्कर में ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रेलर चालक को मामूली चोटें आईं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहे ट्रेलर को संभलने का मौका नहीं मिला और वो सीधे ट्रक से जा टकराया। इस दुर्घटना के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और ट्रेलर को सड़क से हटवाया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे पर यातायात को सामान्य किया जा सका। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा और कई वाहन जाम में फंसे रहे। पुलिस ने मौके पर यातायात को नियंत्रित किया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की। फिलहाल इस घटना के संबंध में बहरोड़ थाने में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शिकायत मिलने पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# बानसूर में रक्तदान शिविर आयोजित

### 53 यूनिट रक्त एकत्रित हैल्थ चेकअप भी हुआ



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बानसूर कस्बे के नारायणपुर रोड पर स्वैच्छिक रक्तदान एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व. पार्वती देवी की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के आयोजक जयसिंह मीणा और अंजू मीणा ने बताया कि वे हर साल अपने माता-पिता की पुण्यतिथि पर ऐसे सेवा कार्य आयोजित करते हैं, ताकि समाज के जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे कुल 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्त का उपयोग जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा। निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण करवाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। डॉक्टरों ने मरीजों को दवाइयों के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के सुझाव भी दिए।



# बानसूर में सहायक निदेशक ने स्कूलों का किया निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** प्रवोशोत्सव के चैथे चरण के तहत निदेशालय बीकानेर से सहायक निदेशक और जिला कोटपूतली बहरोड़ के जिला प्रभारी सुमेर सिंह ने ब्लॉक बानसूर के स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहराम का बास, रतनपुरा और महात्मा गांधी बाढ़ धुंधला का निरीक्षण किया गया।बिना सूचना गैरहाजिर मिलीं प्राचार्य-निरीक्षण के दौरान बहराम का बास स्कूल की प्राचार्य बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाई गईं। सहायक निदेशक ने उनसे फोन पर बात की, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। इसके बाद उन्होंने आनन-फानन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आधे दिन के आकस्मिक अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र ग्रुप के माध्यम से भेजा।अधिकारी ने जारी किए नोटिस-प्राचार्य की अनुपस्थिति में प्रभारी लक्ष्मण सिंह प्रवेश उत्सव के दस्तावेजों, हाउसहोल्ड सर्वे के अपडेट, नवीन प्रवेश और अनामांकित बच्चों से संबंधित सटीक जानकारी नहीं दे पाए। इस पर सहायक निदेशक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दोनों प्राचार्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।सर्व में लगे शिक्षकों का स्पॉट पर निरीक्षण-रतनपुरा में सर्वे कार्य में लगे शिक्षकों का स्पॉट निरीक्षण किया गया। यहां प्राचार्य सुरेंद्र शर्मा को अपने अधीनस्थ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 8 उत्तीर्ण कर चुके बच्चों का तत्काल ऑनलाइन प्रवेश करने के निर्देश दिए गए। बाढ़ धुंधला में भी प्रवेश के वार्षिक प्रयास करने, सभी दस्तावेजों का ऑनलाइन अंकन करने और शिक्षण कार्य निर्बाध रूप से जारी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी विद्यालयों में निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# कोटपूतली की पंच पहाड़ी जंगल में लगी आग

### हवा के कारण तेजी से फैली, दमकल ने एक घंटे में पाया काबू



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पंच पहाड़ी गांव में नदी क्षेत्र के पास जंगल में आग लग गई। घटना से पास के मंदिर परिसर में लगे मेले में मौजूद ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

हवा के कारण तेजी से फैली आग-फायरमैन ख्यालीराम यादव के अनुसार, आग अज्ञात कारणों से लगी थी। तेज हवाओं के कारण यह तेजी से फैलती चली गई और नदी किनारे के एक बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे मेले में आए लोगों में भय का माहौल बन गया और वे सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। आग लगने की सूचना शाम 6:42 बजे मिली, जिसके बाद दमकलकमज़ तुरंत मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन के साथ मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर अवधेश शर्मा सम्मानित



**सवाईमाधोपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर भरतपुर में आयोजित समारोह में भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने सेवा परमो धमर्ः ग्रुप के सदस्य अवधेश शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।शर्मा ने बताया कि सेवा परमो धमर्ःग्रुप में लगभग एक हजार सदस्य हैं जिनके सहयोग से ज़रूरतमंद बेसहारा लोगों का इलाज एवं आर्थिक सहायता, निर्धन एवं अज्ञात मृतकों का अंतिम संस्कार, गौसेवा, रक्तदान, शहीदों का सम्मान, वृक्षारोपण, राजकीय विद्यालयों में ऊनी वस्त्र वितरण आदि सामाजिक कार्य वर्षों से किए जा रहे हैं।समारोह में आमजन को सम्मानित किए जाने के क्रम में पुलिस थाना कोतवाली के इंचार्ज मदन लाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी द्वारा सवाई माधोपुर जिले से अवधेश शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की अनुशंसा की गई थी।ग्रुप की ओर से अवधेश शर्मा ने कोतवाली इंचार्ज एवं पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।



# कांग्रेस ओबीसी कार्यकारिणी गठित

### टोडराम गुर्जर बने ब्लॉक अध्यक्ष

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के चेयरमैन हरसहाय यादव के निर्देश पर कोटपुतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी (अन्य पिछड़ा वर्ग) की नई जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। इस सूची में बानसूर और नारायणपुर ब्लॉक के लिए अध्यक्षों सहित विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार, बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर टोडराम गुर्जर को नियुक्त किया गया है, जबकि नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुल्तान यादव को सौंपी गई है। उपाध्यक्षों में चिरंजी जांगिड़ (बानसूर), रामावतार सैनी (रामपुर, बानसूर), मातादीन यादव (बानसूर) और महेंद्र फाइनेंसर (नारायणपुर) शामिल हैं। महासचिव पदों पर सुभाष (नारायणपुर), राजेंद्र यादव (नारायणपुर), राजू ठेकला (बानसूर) और कृष्ण कुमार यादव (बानसूर) को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में राकेश गुर्जर (बानसूर) को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पदों पर आनंद सैन (नारायणपुर), महेश कुमार जाट (नारायणपुर), मुंशी गुर्जर (नारायणपुर), रामसिंह गुर्जर (बानसूर) और देवेंद्र सैनी (नारायणपुर) की नियुक्ति की गई है।

# जयपुर-मुंबई के बीच नई फ्लाइट सेवा शुरू

जयपुर। एयरपोर्ट से मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। मुंबई के लिए एक नई फ्लाइट सेवा शुरू होने जा रही है, जिससे दोनों शहरों के बीच कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। इस नई सेवा के शुरू होने के बाद अब जयपुर से मुंबई के लिए रोजाना कुल 11 फ्लाइट्स संचालित होंगी।

स्पाइस जेट एयरलाइंस द्वारा शुरू की जा रही नई फ्लाइट संख्या एसजी - 169 और एसजी - 170 के तहत संचालित होगी। तय शेड्यूल के अनुसार, यह फ्लाइट मुंबई से रात 10 बजकर 35 मिनट पर जयपुर पहुंचेगी। इसके बाद यही फ्लाइट जयपुर से रात 11 बजकर 25 मिनट पर मुंबई के लिए रवाना होगी। इस समय स्लॉट में नई फ्लाइट शुरू होने से खासतौर पर लेट नाइट ट्रैवल करने वाले पैसेंजर्स को सुविधा मिलेगी।










## (धौलपुर जिला स्थापना दिवस पर धौलपुर ड्रीम्स एवं गीत गाता चल द्वारा कवि सम्मेलन एवं गायन कार्यक्रम सम्पन्न)

## दृढ़ इच्छा शक्ति के सामने किसी भी कठिन से कठिन कार्य को सफलता के साथ पूर्ण किया जा सकता है- ए.एन.सोमनाथ

## अपने शहर को अपना समझकर विकास के प्रति प्रयास किया जाये तो उस क्षेत्र की प्रगति अवश्य संभव है- कर्मवीर सिंह


धौलपुर..कार्यक्रम में धौलपुर ड्रीम्स के पदाधिकारी गौरव गर्ग एवं संजय शर्मा मुख्य अतिथि आईएएस एएन सोमनाथ को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुये फोटो: मुन्ना फारुकी





धौलपुर..कार्यक्रम में बोलते भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एएन सोमनाथ, राष्ट्रीय कवि पदम गौतम, प्रमुख समाजसेवी डॉ. रामअवतार अग्रवाल एवं एसडीएम धौलपुर एवं आयुक्त नगर परिषद कर्मवीर सिंह

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बुधवार की शाम को धौलपुर जिला स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिका रोड़ स्थित श्याम कॉम्प्लेक्स के सभागार में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। धौलपुर ड्रीम्स एवं गीत गाता चल के संयुक्त तत्वावधान में गायन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं सी.ई.ओ. जिला परिषद ए. एन. सोमनाथ, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी धौलपुर एवं आयुक्त नगर परिषद धौलपुर कर्मवीर सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही।

का सुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा माँ शारदे के दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ, उसके पश्चात भगवान विघ्नहर्ता श्री गणेश की वंदना पर प्रियल अग्रवाल ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गौरव गर्ग ने अपने स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के संबंध के अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। सी.ई.ओ. जिला परिषद ए. एन. सोमनाथ ने कहा कि यदि कार्य करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कितना भी कठिन कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धौलपुर जिले के छोटे छोटे गाँवों में जहाँ बच्चों के लिए शिक्षा संसाधन सीमित थे वहां आज उनके लिए डिजिटल लाइब्रेरी शुरू हो चुकी हैं। इसी प्रकार धौलपुर की सिटी जुबली हॉल लाइब्रेरी को भी सभी के संयुक्त प्रयासों से आज एक प्रकार से नया जीवन मिला है।

एस.डी.एम. एवं धौलपुर नगर परिषद के आयुक्त कर्मवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी गांव या शहर के निवासी यदि उस स्थान को अपना समझ कर उसके विकास के लिए प्रयास करेंगे तो निश्चित ही उस स्थान का स्वरुप बदलेगा, वह स्थान आधुनिक हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि धौलपुर में एक से बढ़कर एक शानदार प्राचीन धरोहरें हैं, यहां की जनता यदि उनके प्रति जागरूक होकर उनके रखरखाव की दिशा में कार्य करेगी तो निश्चित ही उनमे सुधार आएगा तथा पर्यटन भी विकसित होने की संभावनाएं बढेंगी। कवि सम्मेलन कार्यक्रम में धौलपुर जिले के युवा कवियों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। जिनमें कार्यक्रम के संचालक राष्ट्रीय कवि पदम गौतम, हरेंद्र हर्ष, राजाखेड़ा से कविराज, सैपऊ से आकाश परमार, राम पटसरिया एवं कवियत्री प्रिया शुक्ला की उपस्थिति रही। गायन के कार्यक्रम में धौलपुर शहर के गीत गाता चल परिवार के गायकों ने कराओके के माध्यम से शानदार गीतों की प्रस्तुतियां दी।गायकों में मुख्य रूप से बॉबी गर्ग, शिल्पी गुप्ता, मनमोहन मथुरिया, उत्तम गोयल, विवेक कटरा , गौरव गर्ग तथा आनंद पाराशर उपस्थित रहे। इसके अलावा मीमांशा चंसौरिया ने काव्य पाठ, राम किशोर शर्मा तथा शिवांश मंगल ने भी अपनी गायन की प्रतिभाएं दिखाई। कवियों ने अपने काव्यपाठ में धौलपुर जिले की विशेषताओं एवं गौरवशाली परम्पराओं को रेखांकित करते हुए शानदार कविताएं प्रस्तुत कीं। तथा सभी गायकों ने पुरानी फिल्मों के मधुर गाने गाकर उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में धौलपुर शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. राम अवतार अग्रवाल, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. बी. डी. जिंदल, इंदिरा जिंदल, वीरेंद्र त्यागी, विमल भार्गव, संजय शर्मा, अतुल कुमार भार्गव, जितेंद्र सिंह रजौरिया, चंद्र मोहन त्रिवेदी, डॉ. नीरज गोयल, डॉ. दीपक गुप्ता, प्रमोद शर्मा, डॉ. नरेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, रंजीत दिवाकर एड. सहित अन्य की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा एवं कवि पदम गौतम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।




धौलपुर.कलाकारों को सम्मानित करते शिक्षाविद् वीरेन्द्र त्यागी, चम्बल प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र रजौरिया, डॉ. रेनू अग्रवाल, सपना गर्ग, रजनी गोयल एवं कार्यक्रम में भाग लेते वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव, पूर्व पार्षद चन्द्रमोहन त्रिवेदी एवं मंजरी फाउण्डेशन के निदेशक संजय शर्मा

### पुलिस लाइन में 77वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया

# पुलिस स्थापना दिवस हमें गर्व की अनुभूति प्रदान करता है : विकास सांगवान



धौलपुर..पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में परेड की सलामी लेते एसपी विकास सांगवान

### पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी व उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को परेड कमाण्डर सुखराम विश्नोई प्रोबेशनर आरपीएस थानाधिकारी थाना दिहोली द्वारा सलामी दी गई व सरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। साथ ही सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिसकर्मियो का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सांगवान द्वारा परेड की सलामी ली गई व पुलिस विभाग में बेदाग सेवा व कर्तव्य निष्ठा से पूर्ण करने पर पुलिसकर्मियों को सेवा चिन्हों से सम्मानित किया गया।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ललित कुमार, विरेन्द्र सिंह, अजहरुद्दीन, शिवकुमार, ऊषा राठौड़, शीशराम, हरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, अरविन्द सिंह को उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित किया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा राजस्थान पुलिस दिवस पर मौजूद पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने समारोह में पुलिस के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि वर्दी अधिकार नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है, कर्तव्य नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा करने का और जरूरत पड़ें तो पसीने के साथ-साथ खून देने के लिए तैयार रहना चाहिए। पुलिसकर्मियों को उनके काम के लिए धन्यवाद दिया गया व आगे आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया। पुलिस के जवानों ने नागरिकों की जान माल की सुरक्षा के लिए अनेक अवसरों पर त्याग एवं बलिदान के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। पुलिस की कार्य प्रणाली में निरंतर सुधार लाने के साथ ही आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य कर पुलिस और निरंतर जनमित्र की भूमिका निभाने के लिए तत्पर है।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी अपने ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर को ध्यान में रखकर सदैव नागरिकों की सेवा के लिए तत्पर रहें। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस के शहीदो की वीरांगनाओं का भी किया सम्मान किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं से रूबरू होकर समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा आरएसी लाइन में वृक्षारोपण किया। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट सुरेश सांखला सहित आरएसी का अन्य स्टाफ मौजूद रहे। शाम को पुलिस लाईन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की संध्या पर पुलिसकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक बाड़ी कमल कुमार जांगिड, डिप्टी कमांडेंट आरएसी सुरेश सांखला सहित समस्त वृत्ताधिकारीगण और थानाधिकारीगण, सीएलजी सदस्य एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।


धौलपुर..पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित पुलिसकर्मी

## दो सड़क हादसों में तीन घायल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर से गुजर रहे हाईवे 11बी और ग्रामीण क्षेत्र के सड़क मार्गो पर बुधवार की देर रात दो सड़क हादसे सामने आए हैं। पहला सड़क हादसा गुरुद्वारा रोड पर हुआ। जहां दो बाईकों की भिड़न्त में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने निजी साधन से बाड़ी सामान्य अस्पताल भर्ती कराया। वहीं दूसरा सड़क हादसा हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड के चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास हुआ। जहां अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। घटना में घायल को 1033 एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।



अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार पहला सड़क हादसा धनोरा रोड गुरुद्वारा पर हुआ। जहां दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों ही बाइक सवार घायल हो गए। घायलों में वीरेंद्र सिंह पुत्र रूप सिंह धोबी निवासी करेरुआ और सौरभ पुत्र वीरेंद्र कुशवाहा निवासी गडराई का पूरा थाना कंचनपुर शामिल है। दोनों घायलों का उपचार बाड़ी अस्पताल में चल रहा है।

वही दूसरी दुर्घटना चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास हुई। हाईवे एंबुलेंस 1033 के स्टाफ ने बताया कि सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। जहां से सड़क पर पड़े वेसुध घायल को लेकर बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार घायल केशव पुत्र राधेश्याम बघेल है।जो गडरपुरा सुन्नीपुर का रहने वाला है। चिलाचोंद गांव में किसी दुकान पर काम करता था। जहां से बाइक से वापस गांव लौट रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है।

# जानलेवा फायरिंग मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

### साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** साढ़े 10 साल पुराने जानलेवा फायरिंग के एक प्रकरण में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हुई है। राजस्थान के विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर ने यह फैसला सुनाया है। साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र धौलपुर का है, जहां अलाप ताप रहे एक व्यक्ति को जानलेवा फायरिंग के दौरान गोली लगी थी। विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश शर्मा ने बताया कि 20 नवंबर 2014 को हीरा सिंह पुत्र रामविलास ने कोतवाली थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि ईदगाह कॉलोनी में अलाप ताप रहे थे। इतने में ही डोयलेन का पुरा उर्फ रजई कला थाना बसई डांग निवासी सुरेश और रामरस पुत्रगण करना, राम अख्तयार पुत्र कप्तान गुर्जर बाइकों पर सवार होकर मेला ग्राउंड की तरफ से आए और आते ही उन्होंने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान अलाप ताप रहे कल्ला पुत्र मनोहर के गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया।


विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश शर्मा

मामले को लेकर कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज हुआ। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई अनुसंधान करते हुए कोर्ट में चालान पेश किया। इसी प्रकरण में विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर के विशिष्ट न्यायाधीश राकेश गोयल ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए तीनों आरोपियों सुरेश, रामरस और राम अख्तयार गुर्जर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन्हें 50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

## विद्युत विभाग ने 23 लाख की बकाया पर 15 ट्रांसफार्मर उतारे, बकाया राशि नहीं भरने पर कटेंगे कनेक्शन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जयपुर डिस्कॉम के राजाखेड़ा, बाड़ी व धौलपुर ग्रामीण, सैपऊ उपखण्ड में पुराने कटे व नियमित बिजली उपभोक्ता व बिजली के नए कनेक्शन लेने के लिए शिविर लगवाए गए हैं व बकाया पर 15 ट्रांसफॉर्मर उतारे गए हैं । एसई विवेक शर्मा के निर्देशन में त्रुटि पूर्ण बिजली बिल सही कर उनकी राशि मौके पर जमा कराने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराया गया है। सोशल मीडिया /प्रिंट मीडिया /गांवों मे गाड़ी से बड़े स्तर पर लोगों को शिविर में आने का न्योता दिया गया। पूर्व में एसई शर्मा ने जेईएन/फीडर इंचार्ज को बैठक लेकर निर्देश दिए गए कि ग्रामीणों को शिविर मे आने के लिए सूचित करें, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ज्यादा से ज्यादा हो सके। डिस्कॉम की अपील का फील्ड में अच्छा असर देखने को मिल रहा है। वहीं बकायेदारों ने मौके पर 3 लाख रुपये जमा कराए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना मे 11 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। शर्मा ने बताया कि जहा ज्यादा बिजली चोरी है वहां ड्रोन से नजर रखी जा रहीं हैं। ग्रामीणों से अपील है कि वो नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर दें जिससे उनकों मुख्य धारा में लाया जा सके। वहीं बकाया राशि जमा कराने के लिए बकायेदारों से तगादा किया गया। शिविर में एईएन पुष्पेन्दर चौधरी, बाड़ी एईएन आरडी मीना, जेईएन मयंक मिश्रा, जेईएन रणवीर सिंह, जेईएन विशाल जयसवाल, जेईएन कुलदीप शर्मा व बिजली कर्मी मौजूद रहे।


धौलपुर....विद्युत ट्रांसफार्मर उतारने की कार्रवाई करती विभाग की टीम

### आज चार घंटे बंद रहेगी रामसागर फीडर से जुड़ी बिजली

**बाड़ी।** उपखंड के गुर्जर खानपुर स्थित 132 केवी सब स्टेशन पर शुक्रवार को मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जाएगा। ऐसे में स्टेशन से जुड़े 33 केवी फीडर रामसागर की विद्युत आपूर्ति करीब चार घण्टे बाधित रहेगी। जयपुर विद्युत वितरण निगम के कनिष्क अभियंता आयुष राज गुप्ता ने बताया कि 132 केवी स्टेशन गुर्जर खानपुर पर शुक्रवार को मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ऐसे में स्टेशन से संचालित 33 केवी फीडर रामसागर की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। इसके कारण 33 केवी फीडर रामसागर से जुड़ी 11 केवी लाइन सहेड़ी,उमरेह,विशिंगिर आश्रम, नकसोदा, चपटा पुरा, महाराजपुर और बांध किनारे महारानी पैलेस की विद्युत आपूर्ति चार घण्टे बंद रहेगी।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक **चन्द्रप्रकाश शिवहरे** के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार